SHORT DURATION DISCUSSION

Unprecedented price rise of commodities in the country

डॉ मुरली मनोहर जोशी (उत्तर प्रदेश): उपसभापति जी, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे इस महत्वपूर्ण ज्वलंत समस्या पर विचार व्यक्त करने का अवसर दिया है। पिछले कुछ दिनों से सारा देश महंगाई से संत्रस्त है और आम आदमी का जीवन बिल्कुल नष्टप्राय: हो गया है। मुझे याद आता है हमारे वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण में उसका समारोप करते हुए यह कहा था कि "The four years to 2007-08 have been the best years so far, but, may I say with humility, that the best is yet to come." And this is the best what has come. If this is the best, then, I don't know what will be the worst. अगर इसे बैस्ट कहेंगे तो फिर वर्स्ट किसे कहेंगे? और यह हालात बजट पेश करने के कुछ दिन के अंदर ही पैदा हो गए। 29 फरवरी को बजट पेश किया गया था और आज अप्रैल की 16 तारीख है, इस डेढ़ महीने में इस देश की अर्थ व्यवस्था, इस देश के लोगों की अन्न सुरक्षा, इस देश के लोगों का जीवन और आगे देखें तो हमारी सारी इकोनॉमिक स्टेबिलिटी इस डेढ़ महीने के अंदर ध्वस्त हो गई। इस देश में ऐसा कभी नहीं हुआ कि बजट के इतनी जल्दी बाद जो पहले हमें बहुत अच्छे गुलाबी आंकड़े बतलाए जा रहे थे,.....।

एक दृश्य दिखाया जा रहा था, वह एकदम बदल गया है। हम एकदम स्वर्ग से न केवल जमीन पर, बल्कि पाताल में पहुंच गये हैं। मुझे इसके साथ माननीय प्रधान मंत्री जी का भी बयान याद आता है और बजट भाषण में जो कुछ हमारे वित्त मंत्री जी ने कहा था, वह मैं उन्हें थोड़ा-सा याद दिलाना चाहता हूं। प्रधान मंत्री जी ने कहा था, "I think no Government in our country can be oblivious to the objectives of ensuring reasonable price stability without hurting the growth process." फिर वित्त मंत्री जी कहते हैं, "There can be no clearer enunciation of policy. However, since the downside risks have increased worldwide, we must be vigilant...." What vigilance does he mean? कितनी सतर्कता, कौन-सी सतर्कता, हमारी समझ में नहीं आती है और वह कहते हैं we must be vigilant. Was he vigilant? Is the Government vigilant? Then, he says "....and prepared to make swift adjustments in our policies to achieve the goal of growth with price stability." अभी हमारे मित्र यहां माननीय सिब्बल साहब बैठे हुए थे, उन्होंने ऐलान कर दिया कि the Government has no magical wand. हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है कि हम इस स्थिति को ठीक कर दें। अरे, डेढ़ महीने पहले आप बोल रहे थे कि सब चीजें हम करेंगे। हम करने वाले हैं, हमारे बस में है, यह हमारी पॉलिसी है, यह हमारे प्रधान मंत्री जी का भाषण है, यह उनका नीति-निर्देश है। अब मंत्री महोदय कहते हैं कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। मेरा ख्याल है कि आपके पास कोई भी छड़ी नहीं है, अब तो जनता की छड़ी आपको मारेगी, इसके अलावा और कोई छड़ी इसका उपाय नहीं कर सकती है, इसके अलावा और कोई उपाय इसका नहीं है। फिर आप कहते हैं कि इस साल रिकार्ड उत्पादन होगा। मैं आपके वक्तव्य से ही बोल रहा हूं। "The Ministry of Agriculture has estimated that the total output of food grains in 2007-08 will be 219.32 million tonnes and that will be an all time record. In particular, production of rice is estimated at 94.08 million tonnes; maize at 16.78 million tonnes; soya bean at 9.45 million tonnes; and cotton at 23.38 million bales and each of these will be an all time record." अगर ऑल-टाइम रिकार्ड के बाद प्राइस राइज का भी आल-टाइम रिकार्ड होना है, तो कौन-सा यह अर्थ-व्यवस्था का सिद्धांत है। Is there a match or mismatch? मैच तो आजकल सिर्फ क्रिकेट का होता है। हमारे वित्त मंत्री एक बात कहते हैं, हमारे वाणिज्य मंत्री कुछ दूसरी बात कहते हैं। हमने सुना है कि कल सीसीपी की मीटिंग इसीलिए स्थगित हो गयी कि दोनों में अन्तर्विरोध है। अब सरकार में अन्तर्विरोध है, तो इस सरकार को रहने की भी जरूरत है या नहीं। हमारे वामपंथी मित्र यहां पर बैठे हुए हैं। ये इस सरकार का समर्थन कर रहे हैं, ये क्यों नहीं इस बात पर अपना रुख साफ करते कि उनके साथ रहेंगे या नहीं रहेंगे या महंगाई का समर्थन करेंगे। केवल बाहरी धरना देकर रहेंगे या इस महंगाई के स्रोत को आप तत्काल उखाड़कर फैंकने के लिए तैयार होंगे, जड़ से उखाड़ने के लिए तैयार होंगे। ...(व्यवधान)...

श्री सीताराम येचुरी (पश्चिमी बंगाल): क्या आप महंगाई रोकेंगे? ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: हम तो उखाड़ रहे हैं, आप हमारे साथ आइये। I invite you. आप आइये, आप आइये। ...(**व्यवधान**)... हम इसके लिए तैयार हैं। फिर वित्त मंत्री जी कहते हैं, "We have also witnessed capital inflows that are far in excess of the current account deficit and it is our responsibility to manage the flows more actively. The Government will, in consultation with the RBI, continue to monitor the situation closely." क्या मॉनिटरिंग हो रही है? क्या मॉनिटरिंग के मैकेनिज्म से आप इसको हल कर सकते हैं? आप ही ने बार-बार कहा है, प्रधान मंत्री जी ने कहा है कि इनफ्लेशन ग्रोथ और इन्वेस्टमेंट अर्थात् महंगाई मुद्रा विस्तार, आर्थिक विकास और निवेश, इन तीनों में एक सामंजस्य होना चाहिए, एक समन्वय होना चाहिए, वह कहां है? हम तो बहुत देर से देख रहे थे कि कहीं मिलेगा, लेकिन वह तो मिला नहीं। इसमें टोटल मिस-मैच है। इन तीनों में किसी प्रकार का संबंध नहीं है और इसलिए इस देश की महंगाई ही नहीं, बल्कि सारी अर्थ-व्यवस्था पर आज काले बादल मंडरा रहे हैं। उपसभापति जी, मुझे एक बात और इस सदन को स्मरण दिलानी है कि महंगाई कांग्रेस की पहचान है। जब जब कांग्रेस की सरकार आती है, तब-तब महंगाई आती है। मुझे बहुत अच्छी तरह से याद है 1967 के बाद यह सिलसिला शुरू हुआ और कभी किसी एक रास्ते से, कभी दूसरे रास्ते से, जब भी सरकार चुनाव के बाद आई, तो उसके बाद महंगाई लाई। मैं आज उस विषय में विस्तार से नहीं कहूंगा, लेकिन अर्थशास्त्र के सभी विद्यार्थी जानते हैं कि कांग्रेस का आना और महंगाई का आना, दोनों साथ-साथ हैं। इनमें चोली-दामन का साथ है। महंगाई के बिना कांग्रेस नहीं रह सकती और कांग्रेस के बिना ...(**व्यवधान**)...

श्री आर॰के॰ धवन (बिहार): 78 में क्या हुआ था?

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मैं आपको बता रहा हूं कि 78 में सारे लोग राशन कार्ड को भूल गए थे। 78 के अंदर सारे लोग ...(**व्यवधान**)... मैं आपको बता रहा हूं ...(**व्यवधान**)... 78 में लाइनें खत्म हो गई थीं। ...(**व्यवधान**)... 78 में यही हुआ था, मैं आपको बता रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप बोलिए, बोलिए। ...(**व्यवधान**)... आप लोग बैठिए। ...(**व्यवधान**)... आप लोग क्यों उठ रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

श्री आर॰के॰ धवन: 79 में आपकी सरकार चली गई थी। ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: माफ कीजिए मंहगाई की वजह से नहीं ...(**व्यवधान**)... 78 से ...(**व्यवधान**)... उपसभापति जी, मैं आपका संरक्षण चाहता हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: आप इनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... धवन साहब, आप इनको बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)... जब आपकी टर्न आएगी, तब आप जवाब दे दीजिएगा। ...(**व्यवधान**)... जोशी जी, आप बोलिए।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: अगर 1967 के बाद इस देश के अंदर पहली बार लाइनें खत्म हुईं, राशन कार्ड घर में चले गए। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति: धवन साहब, आप बोलने दीजिए।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: बाजार सामानों से भरा हुआ था, वह जब था, जब जनता पार्टी की सरकार आई थी और कांग्रेस सत्ता से च्युत हुई थी। उसके बाद जब-जब जनता पार्टी की सरकार हटी और फिर से कांग्रेस की सरकार आई, तो महंगाई आसमान छूने लगी। मैं आपको बताता हूं कि जब हमारी NDA की सरकार थी, मैं उस जमाने की बात भी आपको बताता हूं। ...(**व्यवधान**)... आप सुनिए। देखिए, 'Month-wise Point-to-Point Rate of Inflation for the year 1994 to 2005.' अब आप इसमें देखें, हमारा कार्यकाल था और हम आपको 98 से बताते हैं। उस समय ...(**व्यवधान**)... मैं आपको बता रहा हूं ...(**व्यवधान**)... 98 में 15.3 दिसम्बर में था और this was the inflation for the year. जब हम छोड़कर आए 2004 में तो यह घटकर, 3.8 और 4.2 आ गया था। आपको जो महंगाई का रेट मिला था, वह 4.2 मिला था। अब आप कहां हैं, अब आप 7.0 पर हैं।

आप 7.0 तो उन आंकड़ों की बदौलत हैं, जो आप देश को दिखा रहे हैं। ...(व्यवधान)... देखिए, देखिए 7.4 जो आप दिखाते हैं, वह तो छोटे आंकड़ों के बल पर दिखाते हैं। आप CPI और WPI का खेल क्यों खेलते हैं। Wholesale Price Index or Consumer Price Index के बीच में आपने जो लोगों को भरमाने का तरीका अपना रखा है, मैं उस पर यह साफ कहना चाहता हूं कि किन चीजों की महंगाई नहीं बढ़ी है। आज अखबारों में सारे आंकड़े दिए हुए हैं कि किस चीज़ की महंगाई बढ़ी है और किस की नहीं बढ़ी है। देखिए, इसमें electrical appliances, जिनका weightage 1.82 है और इनमें last change हुआ था, 11 अगस्त, 1960 को। इसी तरह से tractors, जिनका weightage है .73, उनमें महंगाई नहीं बढ़ी, 17 नवम्बर, 07 के बाद। इसी तरह से plastic products में, 29 दिसॅम्बर के बाद नहीं बढ़ी, और tyres में 15 दिसम्बर, के बाद नहीं बढ़ी, polyester yarn में 11 अगस्त के बाद नहीं बढ़ी, fertiliser and pesticides में 5 जनवरी के बाद नहीं बढ़ी, लेकिन foodgrains में, बाकी चीजों में, cement में, steel में, इसका क्या हाल है! यह महंगाई कहां से बढ़ गई! Edible oils के दाम बराबर बढ़ रहे हैं। आम आदमी के बजट में इसका बहुत बड़ा हिस्सा है। मेरे सामने अखबार की खबरें हैं, जो दिल दहलाने वाली खबरें हैं कि किस तरह से इन चीजों के दाम बढ़ने से लोगों के घर का बजट बिगड़ गया। उनका खाने का खर्च 50 फीसदी बढ़ गया और मध्यमवर्गीय परिवार पर बहुत ज्यादा बोझ पड़ा है। 'महंगाई ने किया थाली में छेद' ये सब खबरें हैं। नाश्ते की प्लेट से दूध, फल, मक्खन और दही गायब हो गए, nutrition affected हो गया। खाने में से सलाद, नीम्बू और दालें घट गईं लोग सिर्फ आलू खाकर जिंदा रहे हैं। खाने पर महीने भर का खर्च औसतन 30 फीसदी बढ़ा। यह तो मैं जो आम आदमी थोड़ा सा कमाता है, उसकी बात कह रहा हूं। रेलवे स्टेशन के सामने एक गरीब आदमी बयान दे रहा है कि भोजनालय में हफ्ते भर पहले जो थाली 15 रुपए की थी, अब वह 20-25 रुपए की हो गई है। इस थाली में दाल, 4 रोटी, सब्जी और अचार दिया जाता है। एक गरीब मजदूर ने कहा कि अगर मैं रोज 100 रुपया भी कमाऊं, तो मेरे 50 रुपए दो बार के खाने पर खर्च हो जाएंगे बाकी पचास रुपए में क्या करूं? यह तो वह है जो सौ रुपए कमा रहा है, लेकिन इस देश में ऐसे भी लोग हैं जो नौ रुपए से लेकर दस या बीस रुपए तक रोज के कमा रहे हैं। उनका क्या हाल होगा? वे कहां से खाना खाएंगे? उनकी रोटी, दाल, सब्जी का क्या होगा? सभापति जी, इस देश के बारे में यह गहरा सवाल है। यह मामूली सवाल नहीं है। ये कैसे हो गया? आप कहते हैं रिकॉर्ड प्रोडक्शन है, तब ये चीजें कहां गई? अगर आपको दाल इम्पोर्ट करनी थी, माना आपने दाल का जिक्र नहीं किया था कि रिकार्ड प्रोडक्शन होगा, लेकिन गेहूं, चावल, सोयाबीन, इन सबके लिए तो आप कह रहे हैं कि रिकॉर्ड प्रोडक्शन है। यह कहां गया? मुझे हंसी आती है जब सदन के सम्मानित सदस्यों द्वारा यह कहा जाता है कि यह इसलिए गड़बड़ हो गई क्योंकि दक्षिण वाले गेहूं ज्यादा खाने लगे और उत्तर वाले चावल ज्यादा खाने लगे। मैंने कहा कि राशन की मात्रा तो उतनी ही खाते हैं। ...(व्यवधान)... डेढ़ महीने में ही यह हालत हो गई। ये किस तरह के जवाब दिए जाते हैं कि हमारे पास न जादू की छड़ी है, न हम ये कर सकते हैं। आप बयान देते हैं कि हम इस देश की अर्थव्यवस्था को आगे ले जाएंगे, best is yet to come. अगर अभी से ये हालात हैं तो 2009 आते-आते यह बेस्ट हमें कहां ले जाएगा, मैं नहीं कह सकता हूं। मुझे यह देखकर सिहरन होती है। आप देखिए, आम आदमी, जो बेचारा मजदूर खाना खाता है, वह यह कहता है कि महीने भर में चाय तीन रुपए से चार रुपए हो गई। साधारण चाय, जो ठेले वाला बेचता है, होटल की चाय की बात नहीं कर रहा हूं, उसके दाम नहीं बढ़े हैं। दाम किसके नहीं बढ़े हैं, दाम ज्यादातर उन चीजों के नहीं बढ़े, जिसे अमीर आदमी या उच्च मध्यम वर्ग के लोग खरीदते हैं। दाम उन चीजों के नहीं बढ़े हैं, जिन्हें आप लग्जरी गुड्स कहते हैं, दाम उन चीजों के बढ़े हैं, जो आम आदमी के जीवन को प्रभावित करती हैं, जो उसके बच्चों की पढ़ाई को नुकसान पहुंचा रही है। मेरे सामने ऐसी भी खबरे हैं, जो ये कहते हैं कि खाने पर खर्च करें या बच्चों की पढ़ाई और दवाई पर खर्च करें। खाना जीवन की स्थिरता, जीवन को बचाने के लिए जरूरी है, इसलिए खाना तो खाना ही है, लेकिन बच्चों की पढ़ाई खत्म हो रही है। ऐसे परिवार हैं जो कहते हैं कि अब हम इसे स्कूल में नहीं पढ़ा सकते हैं, हमें किसी सस्ते स्कूल में डालना होगा या बच्चों की पढ़ाई बंद करनी होगी। पहले हम सुना करते थे कि बाप अगर शराब पीता हैं या कुछ इसी प्रकार के दुर्व्यसनों में फंसा हुआ है तो वह घर के खर्चे कम करता था और अपने दुर्व्यसनों के लिए खर्चे बढ़ाता था, लेकिन अब हम यह देख रहे हैं कि मां-बाप बच्चों के खाने, अपने परिवार के खाने के कारण से सामान्य दाल रोटी खाने के कारण से अपने बच्चों की पढ़ाई बंद कर रहे हैं। हमने यह देखा है। हम वित्त मंत्री जी से यह सवाल जानना चाहेंगे कि क्या वे सदन और देश के सामने सही आंकड़े रखेंगे? डब्ल्यू॰पी॰आई॰ और सी॰पी॰आई॰ के जो बेसेज हैं, क्या उन्हें बदलेंगे और सही रेश्नलाइज करेंगे? उनको किसी एक

तरीके पर लाएंगे? क्योंकि मैं देख रहा हूं कि आज जिसे वे 7.4 परसेंट यहां कहते हैं, वह मैदान में जाकर 10, 11 परसेंट दिखाई दे रहा है और गरीब, गांव के आदमी के लिए, एग्रीकल्चरल लेबर के लिए 13 या 14 परसेंट पर यहां से पहुंचेगा। मैं नहीं समझ पाता हूं कि महंगाई के इस तरह के गलत आंकड़े देकर देश को भ्रमित करने की क्या जरूरत है? आप देखिए दाम किस तरह से बढ़े हैं। उड़द की दाल, जो सन 2004 में 20 रुपए से 22 रुपए प्रति किलोग्राम थी, वह आज 48 रुपए प्रति किलोग्राम जून में हो गई थी, इसी तरह से आप देखिए मूंग 21, 22 रुपए किलोग्राम थी, यह 44, 45 रुपए किलोग्राम जून 2006 में थी, अब बढ़ते-बढ़ते 48 या 50 रुपए किलोग्राम हो गई होगी या इससे ज्यादा हो गई होगी, चना 35 रुपए किलो से 40 रुपए किलो तक, मसूर 30 से 35 तक हो गई। पहले कहा जाता था यह मुंह और मसूर की दाल, अब तो कहेगा, हां साहब, यह मुंह और मसूर की दाल। ये जो हालात है, इनको आप देखें कि यह क्या हो रहा है और दाम कितनी जल्दी बढ़ रहे हैं, हफ्ते-हफ्ते बढ़ रहे हैं। ऐसा नहीं है कि दो या तीन साल में बढ़ रहे हैं, ये वीकली बढ़ रहे हैं। कुछ चीजें डेली बढ़ रही हैं। मुझे याद आता है कि एक बार जब जर्मनी में इनफ्लेशन हुआ था तो एक साहब सिगरेट खरीदने गए। उन्होंने दुकान पर सिगरेट का दाम पूछा, उसने दाम बता दिया। कहने लगे कि शाम में आया था, तब तो ये दाम थे, अब ये है, उसने कहा कि साहब, शाम तो निकल गई है, इस वक्त यही दाम है। उन्होंने सिगरेट वहां से नहीं खरीदी। अगली दुकान पर यह सोचकर चले गए कि सस्ती मिलेगी, वहां पहुंचे तो उसने और पैसा बढ़ाकर बताया, वापस लौटकर फिर उसी दुकान पर आए तब तक उसके यहां भी पैसे बढ़ गये और नतीजा यह हुआ कि वे सिगरेट नहीं खरीद पाए। यह कहा जाता था कि जर्मनी में हालत यह हो गई थी कि आदमी कुर्सी के पीछे की एक छोटी सी लकड़ी बेच कर किराया और कर्ज अदा कर देता था। Prices had gone up so much. बजाय कुर्सी बेचने के थोड़ी सी लकड़ी बेच दी और फर्नीचर का पैसा अदा कर दिया। यह तो inflation है, अगर इस तरह से बढ़ेगा, तो हालात क्या होंगे, किस तरह से लोग जिन्दा रहेंगे, हम किधर जाएंगे? उसी तरह के trend मुझे नजर आ रहे हैं। उपसभापति जी, जब ये trends होते हैं, तो मुझे बड़े दुख के साथ और बड़ी चिन्ता के साथ कहना पड़ता है कि तब राजनीतिक अस्थिरता आती है। जर्मनी में जो कुछ हुआ था, वहां हिटलर का उदय, फासिज्म का उदय, उसका एक कारण बढ़ता हुआ inflation था। मुझे बहुत चिन्ता है कि अगर inflation को नहीं रोका गया, तो इस देश की जनतांत्रिक व्यवस्था पूरे तौर पर ध्वस्त हो जाएगी और इसके स्थान पर यहां कैसे elements आएंगे, उसको हम आज बयान नहीं कर सकते। हम केवल उसकी कल्पना करके सिहरते हैं। यह जनतंत्र के लिए आवश्यक है, देश के स्थायित्व के लिए आवश्यक है कि महंगाई के ऊपर नियंत्रण रखा जाए और इसको किसी भी हालत में बढ़ने न दिया जाए।

फिर सरकार कहती है कि इसके लिए हम करेंगे क्या? मेरे सामने एक अखबार है, जिसमें कहा गया है कि केन्द्र राजस्व की कुर्बानी को तैयार है। वित्त मंत्रालय का यह दावा है कि रबी की फसल के बाद कीमतों में कमी आएगी। इस बात का क्या मतलब है? कीमतों में कमी आएगी! यह बड़ी ही क्यों है, सवाल यह है। सवाल यह नहीं है कि कीमतों में कमी आएगी या नहीं आएगी। वह जब आएगी, तब आएगी। ये हमें क्या भरोसा दे रहे हैं! अगर record production होने वाला था, तो कीमतें बढ़ने क्यों दी गईं? यह जो आपने forward trading वालों को इजाजत दे रखी है और उसने जो तबाही पैदा की है, उसके बारे में आपका क्या कहना है? उस चीज को आप कब तक नियंत्रित करेंगे? यह सोचने की बात है। मैं आपको यह बताना चाहता हूं कि आपने कहा है कि अगर इस पर काबू नहीं पाया गया, तो सरकार खाद्य पदार्थों की आपूर्ति सुधारने के लिए कई और कठोर उपाय करेगी और अगर इन क्षेत्रों ने गैर-जिम्मेदारी से बर्ताव किया, तो सरकार कड़े कदम उठाएगी। मैं यह पूछना चाहता हूं कि इनको गैर-जिम्मेदाराना कदम उठाने क्यों दिया गया, किसलिए उठाने दिया गया? क्या सरकार की इनसे पहले सांठ-गांठ नहीं थी? आप गैर-जिम्मेदाराना कदम उठाओ, लूट लो, जितना लूट सको, बाद में हम देख लेंगे। लोगों को समझा देंगे, भरमा देंगे, कोई थोड़े-बहुत छापे मार देंगे और उससे लोगों को समझ में आ जाएगा कि हम कड़े कदम उठा रहे हैं। यह छापों से नहीं होने वाला है। आपकी अर्थव्यवस्था के बुनियादी, fundamentals गलत हैं। सवाल वहां आता है। आपने उसके ऊपर कभी गौर नहीं किया। जब तक आप उस पर गौर नहीं करेंगे, तब तक मैं नहीं समझता कि आप इन चीजों पर काबू पा सकेंगे और नियंत्रित कर सकेंगे। कोई कहता है कि मई के महीने तक कीमत तय होगी, कोई कहता है कि कुछ होगा। वह तो मैं बता ही चुका हूं कि आपके विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री कहते हैं कि हमारे पास कोई जादू की छड़ी नहीं है। आपके पास वह छड़ी नहीं है, मगर जनता के पास जो छड़ी है, वह बड़ी खतरनाक होती है। आप उससे संभल कर रहिएगा।

मैंने महंगाई के आंकड़े दिए थे कि यह एक हफ्ते में कैसे बढ़ी। मूंग की दाल 44 से 48 रुपया हो गई, बेसन 46 से 48 रुपया हो गया, सब्जियां औसतन 16-20 रुपए हो गईं। अब सिवाय आलू के और कोई सब्जी नहीं है। मिर्ची तक के दाम बढ़ गए, नमक के दाम बढ़ गए। पहले लोग कहते थे कि रोटी और नमक खा लेंगे। रोटी का दाम तो बढ़ा ही बढ़ा, लेकिन नमक का दाम भी बढ़ गया। उपसभापति जी, मैंने एक बार पहले भी सदन में कहा था कि हालात ऐसे हैं कि दुनिया में ऐसे देश हैं, जहां आज लोग मिट्टी के बिस्किट बना कर खा रहे हैं। अगर यह अभाव की नीति इसी प्रकार चलती रही, तो मुझे खतरा है कि देश में ऐसे स्थान हैं, जहां लोगों के पास खाने के लिए अनाज नहीं है। मरता क्या न करता, तो क्या खाएंगे, आप उन्हें खिलाने के लिए क्या दे सकते हैं, आपके पास क्या है? मैंने यह भी देखा है कि आपका प्लानिंग कमीशन भी आपसे कुछ यह कह रहा है कि आपका जो delivery system है, वह बेकार हो गया है, आप उसमें कुछ कर नहीं पाए हैं। बार-बार वह आपको चेतावनी दे रहा है कि आप अपना delivery system ठीक कीजिए। आप उसको ठीक नहीं कर रहे हैं। हम आपसे यह भी जानना चाहते हैं कि आप delivery system को कब तक ठीक करेंगे? कर सकते हैं या नहीं कर सकते हैं? यह delivery system आपकी तरफ से ही चलाया जाता है, हममें से तो कोई और इसे चलाता नहीं है। लेकिन हम अपने वक्त में हर जगह अनाज दे रहे थे। गरीब आदमियों को, पावर्टी लाइन से नीचे के लोगों को, बहुत सस्ता अनाज मिलता था। कुछ जगह, जो डेस्टीट्यूट्स थे, उनको तो हम मुफ्त अनाज दे रहे थे, लेकिन कभी बाजार में अनाज के दाम नहीं बढ़े। दाम तब क्यों नहीं बढ़े, साहब, और इन तीन चार सालों में ऐसा क्या हो गया? आज गरीब आदमी के लिए आपने यह कैसे हालात पैदा कर दिए हैं कि भूखे मरने के अलावा आज उसके पास किसी प्रकार का कोई और रास्ता भी नहीं बचा है।

आपका प्लानिंग कमीशन ही बोलता है कि आपका डिलिवरी सिस्टम ठीक नहीं है। उनका पैनल यह बात कह रहा है। जो योजनाएं आपने चलाई थीं, उनमें से कोई योजना ठीक से काम नहीं कर रही है और कहीं-पर 3.5% डिलिवरी हुई है, कहीं पर 30% हुई है। तो कहीं पर 20% है। इस तरह से जितनी ये सभी केन्द्रीय योजनाएं हैं, उनके खस्ताहाल हैं। ये कहां गईं? ये भ्रष्टाचार में चली गईं, इनऐफिशिएंसी में चली गईं। आप कहते हैं कि कड़ी कार्यवाही करेंगे, लेकिन अभी मैं पिछले दिनों अखबार में देख रहा था कि आपके स्टेट ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन में ही स्कैम है। दालों और जिन चीजों को आयात किया गया है, उसमें जो छापे पड़े हैं, उसमें से एक बड़ा और मोटा मगरमच्छ आपका ट्रेडिंग कॉर्पोरेशन ही है, जिसने गलत ढंग से टैंडर्स दिए, जितनी जरूरत नहीं थी, उससे ज्यादा दाम पर टैंडर्स दिए। मैं चाहूंगा कि आप इन सब बातों की जांच करवाएं और ऐसे लोगों को दंडित करें। यह सरकारी भ्रष्टाचार क्यों बढ़ रहा है? व्यापारी के लिए तो आप कह सकते हैं कि वह भ्रष्टाचार करता रहा है, लेकिन जो यह सरकारी कर्मचारी और आपके वाणिज्य मंत्रालय के अन्दर काम करने वाले लोग हैं, यह इस तरह से क्यों कर रहे हैं? यह बात मैं आपसे इसलिए कहना चाहता हूं कि जब तक आप इन चीजों पर चौतरफा ध्यान नहीं देंगे, आप इसे ठीक नहीं कर सकेंगे। आपके लिए यह संभव नहीं है। मैं आपकी जो अर्थनीतियां देख रहा हूं, वह इस समय बिल्कुल भी देश-हित में नहीं जा रही है। जिन चीजों को आप इम्पोर्ट कर रहे थे, उनमें आपने क्या किया ऐडिबल ऑयल्स के ऊपर से इम्पोर्ट डयूटी हटा दी थी, बासमती राइस का एक्सपोर्ट बंद कर दिया था और मक्का के इम्पोर्ट पर डयूटी घटा दी थी। उसके बाद आपने दालों और ऐसी चीजों के एक्सपोर्ट पर एक साल के लिए प्रतिबंध को बढ़ा दिया था और खाद्य तेलों के एक्सपोर्ट को बंद किया था, लेकिन इनमें से एक भी कदम कारगर सिद्ध नहीं हुआ। क्या यही आपके कड़े कदम हैं, जो आपने लिए हैं? लेकिन इनका कोई असर हमें दिखाई नहीं दिया।

असली बात तो यह है कि एक बड़ा तमाशा और सामने है कि प्राइस मंडी से चीज़ों की जो होलसेल निकलती है, उसमें और रिटेल प्राइस में बड़ा गैप है। इसे आपने क्यों नहीं रोका है? होलसेल प्राइस और रिटेल प्राइस में 15%-20%से ज्यादा मुनाफे की गुंजाइश नहीं होती है, लेकिन आज लोग उसमें 40%-50% मुनाफा ले रहे हैं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि आपने इस मुनाफाखोरी को क्यों नहीं रोका है?

आप जिस कृषि की बात कर रहे हैं, उसमें भी आपका इन्वेस्टमेंट घटा है। अगर हम पिछले चार सालों में देखें तो पब्लिक सैक्टर और प्राइवेट सैक्टर को मिला कर यह 2002-03 में 9.0% था, 2005-06 में घट कर 7.7% रह गया और इस साल शायद कुछ और घटा है। सवाल यह है कि क्या इस बारे में आपने कोई मेज़र्स लिए हैं? आपको पता था कि देश के सामने यह समस्या आने वाली है, ऐसा नहीं है कि आप इससे बेखबर थे और ऐसा

भी नहीं है कि अचानक यह आ गई। आप बार-बार कहते हैं कि यह वैश्विक परिदृश्य के साथ जुड़ी हुई है, यह वर्ल्ड फिनॉमिना है और हम दुनिया से इन्फ्लेशन इम्पोर्ट कर रहे हैं। ठीक है, दुनिया में जितनी चीजें होती हैं, उसका असर हम पर पड़ता है। इसको सब जानते हैं, मैं भी इसका विरोधी नहीं हूं। जब आपने अर्थव्यवस्था को दुनिया से जोड़ लिया है, तो दुनिया में जो कुछ होता है, उसका असर हम पर पड़ता है, लेकिन ऐसा तो न हो कि बारिश कहीं और हो और छाता आप यहां निकाल लें।

पहले हम सुना करते थे कि जब बारिश रूस में होती है तो हमारे वामपंथी छाता हिन्दुस्तान में निकाल लेते थे, अब शायद ऐसा है कि अगर बारिश किसी और देश में होती है, तो छाता हमारी सरकार निकाल कर खड़ी हो जाती है, ...(**व्यवधान**)...

श्री सीताराम येचुरी: बारिश से भीगने वाले तो आप ही हैं।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: अरे साहब, गरीब आदमी तो भीगता ही है। आपकी बात बिल्कुल सही है। गरीब आदमी तो भीगता ही है और उस बेचारे की तो नियति ही भीगना है। मैं यही कह रहा हूं, चाहे आपको मानें या उनको मानें, लेकिन भीगते तो हम ही हैं। आपने बिल्कुल ठीक बयान किया, हम तो भीग ही रहे हैं और भीगने के बाद उसके जो परिणाम होते हैं साहब, हमारे पास तो सुखाने के लिए कपड़ा भी नहीं बचा है। दवाइयां भी नहीं मिल रही हैं कि अगर हम बीमार हो जाएं तो उससे बच सकें। दवाइयों के दाम तो बिल्कुल आसमान पर चले गए हैं ...(**व्यवधान**)...

रसायन और उर्वरक मंत्री तथा इस्पात मंत्री (श्री राम विलास पासवान): यह गलत है।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: यह गलत नहीं है, सही है। यह सही है। आप यहां गलत कह रहे हैं, लेकिन बाजार आपको गलत कह रहा है ...(**व्यवधान**)...

श्री राम विलास पासवान: आपने दवाइयों के दाम के बारे में कहा है, तो ...(**व्यवधान**)...

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मैं yield नहीं कर रहा हूं ...(**व्यवधान**)...

श्री राम विलास पासवान: दवाई एक ऐसी चीज़ है, जिस पर मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 99 परसेंट दवाइयों का दाम पिछले एक साल में एक नया पैसा तक नहीं बढ़ा है। एक परसेंट का दाम थोड़ा बढ़ा है या थोड़ा घटा है।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: मैं yield नहीं कर रहा हूं ...(**व्यवधान**)...मैं आपको बताना चाहता हूं कि ऐसे लोग हैं, ऐसी कम्पनियां हैं, जिन्होंने दवाइयों के दाम, उसकी एक युनिट का दाम एक-एक लाख रुपए रखा हुआ है। आप क्या बात कर रहे हैं! सरकार उनसे मुकद्दमा लड़ रही है और उनका दाम घटाने के लिए, पेटेंट कानून के मुताबिक आप की ही सरकार उनसे मुकद्दमा लड़ रही है। आप क्या बात कर रहे हैं! कैंसर की दवाइयां आज एक-एक लाख रुपए महीने में आ रही हैं ...(**समय की घंटी**)... डेढ़-डेढ़ लाख रुपए महीने में आ रही हैं।

श्री उपसभापति: डा॰ साहब, अभी आपकी पार्टी से दो मैम्बर्स बोलने वाले हैं, उनमें से एक नये मैम्बर भी बोलने वाले हैं। उनके लिए भी कुछ समय चाहिए।

डा॰ मुरली मनोहर जोशी: जरूर समय रखेंगे, पूरा समय रखेंगे। लोगों में घबराहट क्यों हो रही है? चिंता की बात यह है कि कोई सैक्शन ऐसा नहीं है, जहां दाम न बढ़े हों। मैं एक बुनियादी बात कह रहा हूं। मैं ऐसा समझता हूं कि आपकी सबसे बड़ी गलती यह है कि आपके fundamentals गलत हैं। आपने सारी अर्थव्यवस्था को विदेशों पर आधारित रखा है। आपने डोमेस्टिक मार्केट की चिंता नहीं की, सिर्फ-एक्सपोर्ट्स, एक्सपोर्ट्स। भारत का इतना बड़ा डोमेस्टिक मार्केट है, अगर आपने इसकी चिंता की होती, यहां के लोगों की परचेजिंग पावर बढ़ाई होती, यहां प्रोडक्शन बढ़ाया होता, तो आज यह दिन आपको देखने के लिए नहीं मिलता। अगर कृषि में गिरावट आई, तो आपने कहा कि हम इम्पोर्ट कर लेंगे, दुनिया में हो रहा है, कोई चिन्ता नहीं है, डब्ल्यु॰टी॰ओ॰ सामने है, हम इम्पोर्ट कर लेंगे। अगर दवाइयों की कमी हुई, तो हम इम्पोर्ट कर लेंगे, लेकिन हिन्दुस्तान में क्या करेंगे, इसका आपके

सामने कोई साफ विज़न नहीं है और अगर आज हिन्दुस्तान थोड़ा बहुत बचा हुआ है, तो इसीलिए बचा हुआ है कि हमारे जैसे लोगों ने पिछले 20 सालों से बराबर यह कहा कि हिन्दुस्तान की डोमेस्टिक इकोनॉमी पर आप ध्यान दीजिए, डोमेस्टिक सेक्टर पर ध्यान दीजिए, यहां की रिसोर्सेज़ पर और यहां के लोगों की टैलेंट पर यहां ही काम करा कर आप अपनी अर्थव्यवस्था का विस्तार कीजिए, यह नहीं कि दुनिया में विस्तार होने वाली अर्थव्यवस्था के आप appendices बन कर चले जाएं और वहां ज़रा सी भी कोई गड़बड़ हो तो आप यहां बीमार हो जाएं। हमारे लिए जरूरी है कि हमारी cushioning हो, हमारी अपनी अर्थव्यवस्था में इतनी मजबूती हो और वह मजबूती हो सकती है। आप ही ने अपने बयान में लिया है, अपने भाषण में कहा है कि एक वक्त वह था जब कि हिन्दुस्तान और चीन मिलकर दुनिया के 50 फीसदी बाजार के हिस्सेदार थे और आज एक परसेंट के भी नहीं है और आपने कहा है कि हम इसे करना चाहते हैं, तो आप कैसे करेंगे? सिर्फ दुनिया के बाजारों में जुड़ कर करेंगे या हिन्दुस्तान के बाजार को और हिन्दुस्तान की खेती को तथा हिन्दुस्तान के रोजगार को बढ़ा कर करेंगे? आप अपने fundamentals को सुधारिए। आपके fundamentals गलत हैं। अर्थव्यवस्था की आपकी बुनियाद गलत है। आप सिर्फ Bretton Wood Institutions के बताए हुए रास्ते पर चल रहे हैं, जिससे इस देश की तरक्की संभव नहीं है। Globalisation is not working for the poor, it is not working for the poor in a country and it is not working for the agricultural sector anywhere. मैं आपको बता देता हूं। उसे बताकर मैं समाप्त करूंगा।

अभी जो डिबेट दुनिया में चल रही है, मैं निवेदन करूंगा कि उसको आप पढ़ें। 1967 में पहली बार "Limits to Growth" के नाम से एक रिपोर्ट प्रकाशित की गई थी, जिसे दुनिया के बड़े-बड़े इकोनॉमिस्ट्स तथा साइंटिस्ट्स ने मिल कर प्रकाशित किया था। उस "Limits to Growth" पर 1967 से लेकर 1972 तक बहस हुई। उस बहस से ये नतीजे निकले कि दुनिया में आज जो trends हैं, उसमें 100 सालों के अन्दर हालात ऐसे आएंगे कि लोगों के सामने अनाज की दिक्कत होगी, लोगों के सामने पर्यावरण की दिक्कत होगी, इंडस्ट्रियल मैटीरियल की दिक्कत होगी, पॉल्यूशन की दिक्कत होगी और हैल्थ प्रॉब्लम्स आएंगे। ये बातें थीं। अमेरिकन प्रेसिडेंट ने उसको देख कर कहा कि इस पर और बहस होनी चाहिए तब MIT की तरफ से एक "Global 2000 Report" आई, जो प्रेसिडेंट को दी गई। उसने इनमें से बहुत सी बातों की गहराई से छानबीन की और कहा कि हां इसमें दम है और इस पर विचार होना चाहिए और आज अब नई रिपोर्ट्स आ रही हैं। अब ये लोग कह रहे हैं। अभी मेरे सामने एक पुस्तक है- 'From Resource Scarcity to Ecological Security', edited by Dennis Pirages and Ken Cousins. यह 2008 में छपी है। उसमें उन्होंने बड़े विस्तार से कहा है कि "The Global 2000 Report considered the future of the world food supply to be a significant concern, even though it projected a steady increase of 2.2 percent yearly in food production over the 1970—2000 period. Worldwide, per capita consumption was also to increase by 15 per cent over the same period. But most of this increase was projected to take place in the wealthier countries, not in the developing countries." यह बात कर रहे हैं कि सन् 2000 में क्या होगा? इसी का वह जिक्र कर रहे हैं और फिर आगे लिखते हैं, "The people in many of the world's poorest countries could expect to see only modest improvements in per capita food availability.

इतिफाक से हिंदुस्तान में वह मोडेस्ट इम्प्रूवमेंट भी हमें देखने को नहीं मिल रहे हैं। ये वे सवाल हैं, जिन पर आपको गौर करना चाहिए था, क्योंकि दुनिया के देश इस पर गौर कर रहे हैं और विचार कर रहे हैं कि अनाज का क्या होगा, इंडस्ट्रियल मैटेरियल का क्या होगा। अब तो यह भी कहा जा रहा है कि ग्रोथ के, डवलपमेंट के, इंडस्ट्रियलाइजेशन के जो मोडल्स हैं, उन मोडल्स को रिविजिट किया जाना चाहिए, उन पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। जो कुछ आज तक हुआ है अच्छा और बुरा, उसको मिलाकर हमें सोचना है। जो अच्छा है, उसको स्वीकार करें और जो बुरा है, उसको नकारें। हमारी दिक्कत यह है कि हम इस देश में देख रहे हैं कि हमारे देश के हिसाब से दुनिया में जो कुछ गलत हो रहा है, यह सरकार उसे स्वीकार करती है और जो कुछ अच्छा होना चाहिए, उससे इंकार करती है। यही वजह है, क्योंकि इनके फंडामेंटल्स बिल्कुल गलत हैं, इसलिए हमारे देश की अर्थव्यवस्था, कृषि व्यवस्था, वितरण व्यवस्था ये सब की सब धाराशायी हो गई हैं। इनका न तो इनफ्लेशन पर कंट्रोल है, न इन्वेस्टमेंट पर कंट्रोल है और न ही ग्रोथ पर कंट्रोल है।

महोदय, डेढ़ महीने के अंदर कोई सरकार इस तरह से उल्टी हो जाए, यह आज पहली बार हमने देखा है। मैं आपसे फिर विनम्र निवेदन करना चाहता हूं, सिब्बल साहब चले गए, कि वह बराए-मेहरबानी अब जादू की छड़ी का जिक्र न करें। जनता की जादू की छड़ी बड़ी खतरनाक होती है, वह बड़े-बड़े जिन्नों को बोतल में बंद कर देती है और समुद्र में फेंक देती है। मैं चाहता हूं कि इस देश की जनता को ऐसी छड़ी चलने की नौबत न आए और आप लोग जितने भी दिन मौजूद हैं ...(व्यवधान)... जी, समुद्र में फेंक देती है, लेकिन इतने हद तक वह जरूर आए कि आप उस वोट को सहलाते रहें और सहलाते-सहलाते हिंदुस्तान की सड़कों पर घूमते रहें। यह मैं जरूर चाहूंगा। धन्यवाद। नमस्कार।

PROF. P.J. KURIEN (Kerala): Thank you very much Mr. Deputy Chairman, Sir, for giving me this opportunity. First of all I welcome this discussion. Instead of making noise and creating acrimonious scenes, we are discussing important issues in the House and different viewpoints are expressed here so that we can arrive at some solution. It is a very good step. I gladly welcome this discussion. I also thank Dr. Murli Manohar Joshi who is a very senior Member of this House and a very good friend of mine. He is also a professor of Physics. I was listening to him with rapt attention. He very well narrated the difficulties of the people and even item-by-item he told about the increase in price. But, I was eagerly waiting to hear some suggestions from him, some positive suggestions from him in addition to criticism. Criticism is always welcome. It is the duty of an Opposition party. But, there should also be some concrete suggestions as to what to do, what is to be done in this situation because this is not just the duty of the Government. Yes it is the Primary duty of the Government is to contain prices to ensure that, at least, essential commodities are available to the common man at moderate and reasonable prices. But, we should not forget the fact that some time or the other every party, every section of this House, was either in the Government or supporting the Government. We should also not forget the fact that every section of this House is sharing power in the States, whether it is BJP or other parties or even the supporting parties like CPM. They are all in power in some States. Controlling the prices is not the responsibility of only the Union Government. It is equally the responsibility of the State Governments. These cannot certainly say that these are not responsible. Sir, with regard to decline in production, agricultural production, the Union Government alone cannot produce much. Yes, the Union Government can do its best and it is doing its best. But, everybody knows the role of the State Governments. *(Interruptions)* Likewise, Murli Manohar Joshiji said that the Government should take action against the hoarders, etc. But, who is to implement the Essential Commodities Act, 1955? It's the States. It is with the States and if I am correct, the Union Government has empowered the State Governments, by recent notification, by order, that they can take whatever steps they want, to tackle black-marketeers, profiteers, hoarders, etc. Are the State Governments doing their duty. I am not saying that all the State Governments are not doing. My point, Sir, is that every section in this society, in this House, has a responsibility. There is no point in blaming only the Union Government and washing off our hands. That's all I have to say about this.

Sir, Murliji is a very senior leader. He said whenever there is a Congress Government, price rise is a speciality. Sir, I hope, he will look at the statistics and records. What he said is not in conformity with the facts. Being a scientist, I hope, he should have, maybe, he used some politics to suppress the facts. In fact, the records and data with me show that during the period 1978-1981, the inflation was above 15 per cent. Sir, again, between 1989-1991, inflation was above 13 per cent and we were not in power at that time. Sir, again, I would like to show that even in 2004, if you take that particular year, inflation was near seven per cent. It was near seven per cent in 2004. Yes, if you take the average of four years, then, it is

less. I am speaking about the particular year 2004. So, it is not that this year is the only year when inflation has crossed seven per cent. There were other periods when inflation had crossed seven per cent and even gone above ten per cent. Sir, is it not a fact? Sir, Murliji said that we will blame the globalisation and global increase in prices. But, is it not a fact that global price rise will have an impact on our prices? Is it not a fact? Everybody knows the impact of crude oil price increase. Sir, crude oil price was ruling at 30 dollars per barrel five years back. Today, it is more than 100 dollars per barrel. That means, an increase of more than 300 per cent. Thanks to the Government that it has not passed on all the increase to the customers. Had it been passed on to them, what would have been their plight? I think the Government has taken whatever measures it could to contain prices. This crude oil price alone is an example. The price has increased by nearly 300 per cent in the international market. We have to buy at that price. Our consumers are burdened by an increase of only eight per cent. Sir, likewise, global price of all commodities have gone up. I have the list here. I have already mentioned the crude oil. Sir, the increase in palm oil prices, when compared with 2005, is 100 per cent. Sir, take, for example, rice. Again, when compared with 2005, increase in the world price is 76 per cent. Take for example, wheat. The increase in the price of wheat is alarming, 161 per cent. Likewise, urea, there is a steep rise in the price of urea. Then in respect of vegetables, take for instance, *desi chana*. The increase in its price is nearly 75 per cent. Take for instance, red lentils. The increase in its price is more than hundred per cent. I am speaking about the world price. I am not speaking about the Indian price. I am referring to the increase in the world price. So, I am saying that with regard to every item, the price has gone up. There is no item with regard to which you can show that its price has come down in the world market. So, when in the world market, the price has increased more than hundred per cent in respect of every item, to say that it will not have any impact on our domestic price is, I think, a very innocent answer, and only a political novice can say that. It is impossible, and especially, when we import 70 per cent of our crude oil, our energy requirement, when 70 per cent is imported. When the crude oil prices are rising so high, ruling so high, how can we get away from the impact of the huge increase in prices? this is what I want to bring to your kind notice. But, however, I would like to say that this Government, in spite of the global increase in prices, have taken many concrete steps to control the prices. Here I would also like to say for the benefit of my Left friends, they are my very good friends that inflation in China...*(Interruptions)*...

SHRI PENUMALLI MADHU (Andhra Pradesh): That is why you have cut the supplies to Kerala.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD (Bihar): They are really your very good friends!

PROF. P.J. KURIEN: Yes, they are my very good friends as you are my very good friend. Sir, for the benefit of my Left friends, I would say that according to an answer given in this House by the Finance Minister, Inflation in China, as on today, is higher than that in India. This is an answer which I got from the Finance Minister in this House...*(Interruptions)*... I am only trying to bring home the point that inflation is a global phenomenon. Madhuji, I am only trying to bring home the point that inflation is a global phenomenon, and China, is no exception. That is all what I am saying. Further, due to high rise in prices, there were food riots in Mexico, in Egypt and in Morocco. That is the situation, in spite of all these, I would say, when you consider this global increase in prices, any sensible man will give creditable plus marks to this Government because ...*(Interruptions)*... I agree there is price rise. I am not disputing that. Certainly, there is a price rise. We should all try to bring it down. The

Government should do its best. I fully agree with you. But I am saying that you should see the world scenario. If you look at this background and judge the action taken by this Government, then you will come to know about the ground reality. What are the actions taken by this Government? If you say that no action is taken, and that you are looking yourself. We have taken concrete action. I would like to mention some of the steps taken by the Government to control the prices because Dr. Murli Manohar Joshi was speaking as if no action had been taken. I would like to refer to one or two steps taken by the Government in this respect. Murliji knows all these, but the only thing is that he is not accepting it! Murliji, 5.5 million tonnes of wheat were imported. So, the Government resorted to import. Again, in order to procure more quantities of wheat and rice, the MSP for wheat and rice was increased. The import duty on edible oil, wheat and pulses was reduced to zero. It is not that only the private parties can import, the Government agencies are also importing. They are importing.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: I have also mentioned this. The Government has taken steps, but they have given no results; I have said this. ...(*Interruptions*)... I have said it in the opening remakrs of my speech that the Government has taken these steps, which you are narrating, but they all have become infructuous; no result has been found after the steps are taken. Today, the situation remains as grim as it was earlier. That was the point.

PROF. P.J. KURIEN: Oh, that is the point! Then, I would like to answer that being a* you can imagine. You imagine what would have been the prices if the Government had not taken these steps; I agree that the prices are comparatively higher and the people are facing difficulties; especially the people living below the poverty line are having genuine difficulties; But had the Government not taken these measures, what would have been the situation should also be seen. I have no doubt that, then, there would have been starvation deaths and the prices of all these essential commodities would have been much more. Therefore, you should also appreciate the steps taken by the Government while criticising the Government. You should also give your suggestions as to what else should be done, which, unfortunately, did not come from you.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: We would give our suggestions afterwards.

PROF. P.J. KURIEN: Okay. No quarrel between us!

Likewise, in the Budget also, very concrete steps have been taken. The most important one, according to me, is that the fiscal deficit is contained at 2.5 per cent. You know that inflation is the greatest tax on the common men. Whatever steps the Government takes to control inflation are to be welcomed by all. And the fiscal deficit is to be controlled. It is contained at 2.5 per cent. And again, CENVAT was reduced on all commodities.

Then, the import duty was brought down to zero in respect of wheat, rice, pulses and edible oil. And see the export restrictions also. Basmati rice export is restricted. We, in Kerala, are also suffering because Coconut oil export is restricted. We can export coconut oil only through Cochin. Our Coconut farmers are not getting adequate prices. So, this Government has done, whatever it could, to reduce the prices; I have no doubt about that. Then, the most important one, as you said, is that; the CRR was increased eight times to reach 7.5 per cent on November 10. Eight times the CRR was incrased. Therefore, the liquidity was tightened. ...(*Interruptions*)...

*Expunged as ordered by the Chair.

1.00 P.M.

DR. MURLI MANOHAR JOSHI: That will adeversely affect the growth. That will affect the growth.

THE FINANCE MINISTER (SHRI P. CHIDAMBARAM): You cannot have both. ...(*Interruptions*)...

PROF. P.J. KURIEN: The Finance Minister will reply to you! Otherwise, Mr. Deputy Chairman will cut my time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please continue.

PROF. P.J. KURIEN: So, the steps were taken, i.e. the increase in CRR. Sir, that will definitely have a salutary effect, and that is having. Otherwise, the liquidity would have been more; the prices would have been much higher. That is what I am saying. Therefore, you should kindly appreciate the steps taken by the Government. And, again, I would say, those who speak should certainly consider that this is a problem that we all are facing. I have already said that it is not that only the Congress Party is in Power. Other parties are also in power, in some States or the other. They are all suffering because of price-rise. So, each State should take action.

There should be concrete suggestions as to what action should be taken. Therefore, I would say that the State Government also has a responsibility in this matter, not the Central Government alone. I have narrated some of the actions taken by the Central Government. More actions need to be taken. The actions need to be taken will be explained by the hon. Minister. But I would like to know what the State Governments have done. Some of the State Governments are run by the BJP and some others are run by the Left parties. You were saying that black-marketing and hoarding should be checked. Who has to do that? It should be done by the State Government. Now you mentioned about the public distribution system and strengthening the PDS. But the PDS is actually being implemented by the State Government. Yes, allocation of rice or wheat or foodgrains to the PDS is the responsibility of the Central Government. It is the responsibility of the State Government to ensure that the rice allocated to the State is distributed properly to the people below the poverty line. Are they really doing it sincerely? Let me ask: Are they doing it sincerely? Sir, a portion of this rice or wheat allocated by the Union Government—I am not mentioning any particular State—goes into the hands of the black-marketeers. This is really happening. So, whether it is the Congress Government or the BJP Government or the Left Government, it is the responsibility of the State Governments to ensure that these allocated food materials really reach the poor. Are they doing it?

Secondly, under the Essential Commodities Act, who should take action? The action needs to be taken by the State Government. Are they doing it properly? I don't think. The other day I read in the newspaper that there was a raid in Delhi and, I think, two lakh quintals of rice were seized from a trader who is naturally a hoarder. It is happening not in Delhi along. It is happening everywhere. Everwhere hoarders are doing the same business. But where is the action? Which State Government is taking action? What happens is that when there is a trend of price rise, when there is an increase in price, the psychology is that there is a price increase. At least, some traders—I am not saying every trader—will try to buy, stock and hoard more. This is happening in every State. I don't see in the newspapers that the State Governments are acting. So, it is equally the responsibility of the State Government to act. But they are not acting.

Another point which I would like to mention is crude oil import. I have already mentioned about the increase in the price of crude oil. Whenever the price of petroleum products is increased, the States are also getting increased revenue through sales tax. All State Governments are getting it. Then, is it not their duty to reduce the sales-tax? Yes, the Central Government has, at least, tried to reduce it. But has any State Government tried to reduce the sales-tax component so that the impact of the price rise, which is due to international price rise and not our fault, is not passed on to the consumer? At least, its impact on the consumer or the customer should have lessened. Was it done? I would like to say something now. In my State, when our Government was there, when Mr. Ommen Chandy was the Chief Minister, there was an increase in petroleum price. The prices of petroleum and diesel were increased. At that time, our Government in the State of Kerala decided that there would be no corresponding increase in the sales-tax and the Government did not collect increased sales-tax so that petrol was sold at 75 paise less per litre and diesel was sold at 50 paise less per litre. Even though it is a very small amount, but this shows the approach of the Government. I am not criticising anybody. There are so many States which are run by the BJP and the Left Parties. Has any of your States showed this kind of an approach? That has not been done. So the State Governments also should do whatever they can do. But this is not being done. What is going on is only blame game and passing the buck. It is very important and crucial issue. What is beign done is not enough. Now I want to say something about my State, which is connected with this issue of price rise. There was unprecedented summer rain. Nobody had expected it. When paddy crop was about to be harvested, there was torrential, continuous and relentless rain. All the crops were totally destroyed. We could not do anything. Sir, before the rain started, the farmers in the State wanted to use harvesting machines to harvest the crops. Unfortunately, the workers of one political party opposed it tooth and nail. I do not know whether it is a policy of that political party to oppose the use of any harvesting machine or any mechanisation. The followers of that political party and labour unions opposed it tooth and nail and created problems and the harvest could not take place.

SHRI PENUMALLI MADHU: Sir, the subject is price rise.

PROF. P. J. KURIEN: Now people can know which is that party. Sir, five farmers have committed suicide. The Chief Minister of Kerala, along with an all-party delegation, met the Prime Minister and also the Agriculture Minister. Our total loss comes to more than Rs. 1,400 crores. We have asked for an ad hoc assistance of Rs. 150 crores imediately. I would request the Finance Minister to sanction that amount. I believe he would certainly do this because I am supporting him. Naturally, he will do that.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Support has a price!

PROF. P. J. KURIEN: Support has no price, but for the sake of farmers I have no problem in requesting him to do that. What is the real cause of price rise? The real cause is, as the hon. Finance Minister has said in a reply to the question, that here is a mismatch between supply and demand. What has happened to agricultural production? I am not blaming anybody. In fact, agricultural production has come down. We had a Green Revolution. In the Green Revolution , our agricultural productivity increased by 100 per cent. But we have still scope for increasing our productivity. Dr. Swaminathan is here. I am sure he will agree with me that we are not at the peak of our productivity. We can double our productivity. If we compare our productivity with China, it is 50 per cent less than China. If we compare it with Asian average we are still behind. It is not that we have reached a plateau. So far as agricultural products, foodgrains, etc. are concerned, we have to go a long way. We should try for another

Green Revolution, which is possible. The hon. Member, Dr. Swaminathan, visited my place, Kuttanad in Kerala. He has submitted a report, and the Report is with the Government. What he has stated is that by administrative measures, by policy measures and by giving financial assistance, the production and productivity can be increased. Now, if China can have such a vast production,—their productivity is 100% more than ours—then, why cannot we have it? I am sure we can achieve it. The emphasis should be on increasing the production. That is the first suggestion which I would like to make. It is not a short-term measure. Various short-term measures have been undertaken by the Government, and I have already mentioned them. But I am talking about long-term measures whereby production and productivity can be increased. Sir, there is the Coconut Research Institute at Kayankulam in Kerala. There, I found that the coconut trees have been affected by root (wilt). The yield from the coconut trees are quite high, but the same yield is not available for the farmers. The reason is that the technology is not really transferred to the field. Sir, our scientists are doing very good work, and I have no doubt that in their standards, in their abilities, in every respect, they are equal to or better than the scientists in China or any other country. But the fact is that something is lacking somewhere. There is a gap between the technological accomplishment of our scientists and the transfer of that accomplishment to the field. The Government should appoint a committee to study this aspect and find out in which areas the real transfer of technology has not taken place. If we take the use of bio-technology, the tissue culture, a lot of work has been done. But this is not seen in the field. In practice, a majority of our agriculturists adopt the same old methods in every respect. They may be using chemical fertilisers these days; but scientific knowledge is lacking. The Government should, certainly, take steps in transferring this technology to the common farmers.

Then, I congratulate the Finance Minister on the bold steps that he has taken in the matter of waiving of loans. In fact, I should also congratulate and thank the Prime Minister and especially, the UPA Chairperson, Shrimati Sonia Gandhi, I know that it is under her guidance that such a bold step had been taken. This is a bold initiative. But I have to say a few things. As far as this waiver is concerned, the effect of that waiver should reach the farmers within a stipulated time. The Finance Minister has given a time-frame. He says that it will be implemented by 30th June. I am grateful to him for that. But it should not only be applicable to agricultural loan *per se*; it should applied to the allied loans as well. What happens is that when you approach a co-operative bank for loan, for convenience sake, they write the purpose of loan as 'education of children', or sometimes 'for buying a buffalo', etc. In Kerala, they also write as 'sending the boy for employment'. But all these loans have been taken by small and marginal farmers. Therefore, I request him to be a little liberal while considering the applications. Otherwise, this sanctioned amount of Rs. 60,000 crores will not be utilised. You should be a little liberal so that all allied loans are also waived. I wish to add one point more here. The emphasis should be on increasing the productivity and production I am on that subject. If the production has to be increased, then, the farmers should be able to invest more money. They can invest only if they get new loans. Now, the rate of interest on the loan is 7 per cent. But later on, if he defaults, then, there will be added penal interest. I would request the hon. Finance Minister that, hereafter, agricultural loan to small and marginal farmers, with a holding of up to two hectares of land, as you have already fixed, should be provided at an interest rate of four per cent. Can that be done? Otherwise, the benefit of this loan-waiver will not be reflected in production. That should be reflected in production. If that is to happens, the next loan that is being given should be at 4 % interest...(*Time bell*)

I will conclude, Sir. I did not take much time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have already taken half-an-hour.

PROF. P. J. KURIEN: But my Party has more time.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Your Party has one hour but there are five speakers.

PROF. P. J. KURIEN: Sorry, Sir. I will conclude then.

So, I would suggest, if you want to translate the benefits of this loan-waiver to the production side, new agricultural loans should carry a lower rate of interest, a rate of 4 per cent. Othwerwise, these farmers, who had once suffered because of loans, will not so for new loans and there will be a danger of a great exodus of people from the rural areas to the urban areas. I know, in Kerala, those who have one, two or three acres of land, are already leaving the agriculture. They do not want to continue with agriculture. They are leaving for the urban areas. They are prepared to work as even peons in the Gulf or other places. Many of them have come to Delhi; you can see them in Noida also. The result is that agriculture is suffering. The agricultural production will decline. That is happening. Therefore, those who are already in agriculture should be encouraged to stick to agriculture. That can be possible only if agriculture is made a viable proposition. Agriculture should be made a viable business. It can be made viable, firstly, by giving loans at lower rates of interest; secondly, by giving subsidies on fertilisers—some people want subsidies on fertiliser to go. I do not agree with them; if possible, there should be more subsidies—thirdly, by ensuring remunerative prices to farmers. I thank the Government that the MSP has been increased in the case of wheat and rice considerably. When you compare it with the MSP that had been fixed by the NDA in their five years, what we have done is higher. The NDA had given only a miniscule increase. Here, it is a considerable increase. But I do not want to waste the time by giving all the data. Sir, there should be a genuine and real study by experts, including an agriculturist, about the viability of agriculture today. The viability of agriculture is declining. That is why our agricultural production is coming down. If our agricultural production does not go up, if we do not have another Green Revolution, these spiralling and skyrocketing prices, which is due to the global impact also, will never come down, whether there is this Government or any other Government. Everybody will face the same *tamasha.* Therefore, I would request the hon. Finance Minister and the Government of India to take drastic long-term measures so that we have a long-term remedy. There should be a concerted effort on the part of all of us. Not only the Union Government, but the State Governments also should cooperate in full so that we are able to provide two square meals a day to the *amm aadmi,* the common man living below the poverty line and so that he may also live happily like the rest of the fifty per cent who are above the poverty line and for whom this price rise does not pose any problem. It is the poor who are badly affected.

I do not want to take more time, Sir. I congratulate the Government for having taken some strong measures. But I do expect more measures from the Government. I would also request the Government to consider my suggestions positively.

With these words, I thank you very much, Sir, and conclude.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House is adjourned for lunch for one hour.

The House then adjourned for lunch
at twenty minutes past one of the clock.

The House re-assembled, after lunch, at twenty-two minutes past
two of the clock, MR. DEPUTY CHAIRMAN in the Chair.

श्री जनेश्वर मिश्र (उत्तर प्रदेश): जनाब शुक्रिया। मैं थोड़ा धीरे-धीरे बोलूंगा क्योंकि तबीयत ठीक नहीं है। उपसभापति जी, आपसे निवेदन करता हूं कि मेरी बात छूटने लगे तो मेरा समय थोड़ा बढ़ा दीजिएगा। महंगाई पर चर्चा हो रही है। हम डॉक्टर जोशी को तो नहीं सुन पाए, लेकिन कुरियन साहब को ध्यान से सुन रहे थे। जब च हो रही थी या नहीं भी हो रही थी, हल्ला हो रहा था कि चर्चा हो, तो उस समय भी हम यह जानते थे कि इस सदन में बहस करने से महंगाई में कमी नहीं आने वाली है, क्योंकि हम लोग केवल बहस ही करते हैं, असली खेल तो नंबर पर होता है। जिनका नंबर ज्यादा है, उन्हीं की मर्जी से जो कुछ भी होगा, होगा, हम लोग केवल अपने सुझाव दे सकते हैं। यह संकट सुझाव देने का नहीं है, क्योंकि जिस तरह से महंगाई को सरकारी पार्टी ले रही है, वह थोड़ा चिंतनीय भी है और हास्यास्पद भी है। एक हफ्ते से लगातार अखबार से यह प्रचार चल रहा था, सरकार की तरफ से कोई न कोई बयान देता था कि महंगाई दूर करने के लिए सरकार के पास कोई जादुई छड़ी नहीं है। यह अखबारों ने बहुत छापा है। हम लोगों ने कभी नहीं कहा कि आपके पास जादुई छड़ी है। किसी विरोधी ने नहीं कहा था, जनता बोल रही थी कि महंगाई है, इसे दूर करो, लेकिन हम लोगों ने कभी नहीं कहा कि आपके पास जादुई छड़ी है, हिला दीजिए। आज का जमाना जादुई छड़ी का जमाना नहीं है यह हम जानते हैं, लेकिन अपनी तरफ से यह कहना कि जादुई छड़ी नहीं है कि हम महंगाई दूर कर देंगे, इस समय जो लोग सत्ता में हैं, इनके पुरखे भी जब सत्ता में थे तो इसी तरह के तर्क दिया करते थे। पानी नहीं बरसने पर सूखा होता था तो बोल देते थे कि आसमान में पानी नहीं है तो क्या हम बांस लगाकर पानी निकाल देंगे, कहां से पानी लाएं। इससे देश की भ्रम में पड़ी जनता भटक जाती है। यह जवाब नहीं देना चाहिए था। लेकिन एक चेतावनी देकर कि जो हुकूमत करता है, देश की जनता के तकलीफ के सवाल पर अगर उसे दूर करने की करिश्माई ताकत उसके पास नहीं है, तो उसे गद्दी पर बैठने का कोई अधिकार नहीं होता। कोई न कोई ताकत होनी चाहिए। जादुई छड़ी, जादुई छड़ी एक हफ्ता चली। हमने सोचा कि मांग कौन रहा है। चिदम्बरम साहब, यह महंगाई आपकी सरकार के लिए महंगी पड़ेगी। हमें दुख के साथ कहना पड़ता है कि हमें आपका विरोध करना पड़ता है, क्योंकि हम जानते हैं कि आपके हटने के बाद जो लोग कुर्सी पर बैठेंगे, बहुत अच्छे लोग नहीं हैं। लेकिन आप इस समय फेल कर गए हैं। वैसे हैं तो आप विद्वान, माना जाता है कि अर्थशास्त्र के विद्वान हैं, लेकिन जब आप बोलते हैं तो लगता है कि कहीं अंग्रेजी के प्रोफेसर होने लायक हैं, अर्थशास्त्र के विद्वान नहीं हैं। आप अंग्रेजी अच्छी बोलते हैं, लोग तारीफ करते हैं, लेकिन अंग्रेजी बोल कर हिन्दुस्तान की महंगाई को दूर करने का कोई फॉर्मूला नहीं निकाला जा सकता है। वह तो हिन्दुस्तानियों की बोली में ही, चाहे वह तमिल हो, चाहे तेलुगु हो, चाहे मराठी हो, चाहे बंगाली हो, उसमें निकालना पड़ेगा। अंग्रेजी बोल कर थोड़ा सा कम पढ़ेलिखे, कम समझदार लोगों पर एक रोआब तो दिया जा सकता है, लेकिन समस्या का निदान नहीं निकाला जा सकता है। हम लोग पहले अपने घर पर पिंजड़े में एक तोता पालते थे। उससे कहलवाते थे कि बोलो सीताराम सीताराम, तो तोता सीताराम सीताराम कहता। जब अंग्रेजों के जमाने में उन लोगों की हुकूमत थी, तो पिंजड़े में पाल कर हम लोगों को अंग्रेजी बोलना सिखाया। बोलो सीताराम सीताराम। हम लोगों को लगता कि तोता हमारी बोली बोल रहा है। यह तोता रटन्त बोली देश की महंगाई की समस्या को हल नहीं करेगी, जो बहुत भयानक है। आप कोई नीतिगत तर्क ही नहीं दे रहे हैं। अभी कांग्रेस पार्टी के एक माननीय मैम्बर बोल रहे थे। उन्होंने कहा था कि राज्य सरकारें हमारी मदद करें, केवल केन्द्र अकेले नहीं करेगा। जब असेम्बली में यह सवाल पूछा जाएगा, तो राज्य सरकारें बोलेंगी कि यह केवल केन्द्र सरकार के हाथ में है और केन्द्र सरकार राज्य सरकार, लखनऊ, पटना और दिल्ली स्टेट की तरफ इशारा कर देगी। यह खेल-खिलवाड़ दो सरकारों के बीच में संघीय ढांचे के नाम पर इंसान के पेट के साथ नहीं हो सकता। पेट में आग लगी हुई है। उपसभापति महोदय, कड़ुवा तेल नहीं मिलता है। हमारे-आपके बच्चों को तो मिल जाएगा, लेकिन वह गरीब आदमी, जो कड़ुवा तेल खरीदता है, जब बच्चा पेट से निकलता है, तो यहां पर एक गड्ढा जैसा होता है, उसकी दादी और उसकी मां उस पर कड़ुवा तेल रख कर हौले-हौले करती है, ताकि खोपड़ी मजबूत हो जाए और फिर उस पर कितनी भी कीमती किस्म की आफत आए, बर्दाश्त करने की ताकत आ जाए। आज उन बच्चों के मूंह उदास हैं। कोई भी दादी हौले-हौले करके 80 रुपए किलो सरसों का तेल नहीं खरीद पाएगी। कल को वही तो हिन्दुस्तान के मालिक बनेंगे और जिनकी खोपड़ी में दम नहीं रहेगा, वह देश का मालिक बन कर क्या करेगा। इस पर गम्भीरता से सोचना पड़ेगा। मैं मोटर वगैरह, पेट्रोल, इस पर नहीं जा रहा हूं। हमारी बुनियादी जरूरत, हमारे जिस्म की बुनियादी जरूरत है, आज वह बाजार से गायब है। आम तौर से जो चर्चा होती है, यह जो किसान पैदा करता है, उसकी पैदावार

बढ़ें अबकी बार थोड़ा बहुत महंगा हो गया है, पहले के मुकाबले एक-दो रुपया बढ़ा है। इस पर हल्ला मचा है। महंगाई आ गई, महंगाई आ गई। हम जानते हैं कि किसान की पैदावार सबकी जिन्दगी की हिफाजत करती है। अगर किसान पैदावार नहीं करेगा, तो यहां का आदमी भूखों मर जाएगा, हम भी मर जाएंगे। दिल्ली के सब लोग मरने लगेंगे, यहां खेती नहीं है। शहर के बाबू मर जाएंगे। यह जरूरी काम है, उसको ज्यादा तरजीह दी जानी चाहिए, लेकिन समाज में उसका सम्मान कम है। वह जो पैदा करता है, जितने में पैदा करता है, सरकार उसका मूल्य कम में निर्धारण करती है। मान लो कि उसका गेहूं 1,200 रुपए क्विंटल में तैयार होता है, तो सरकार उसको 900 रुपए, 850 रुपए देती है वह घाटे का सौदा करता है। वही सरकार विदेश से गेहूं मंगाना चाहती है, तो 1,800 रुपए क्विंटल, 2,000 रुपए क्विंटल मंगाती है। अब गेहूं पैदा करने में किसानों की हिम्मत छूट रही है। कई लोगों ने तर्क दिया कि किसान पैदावार ठीक नहीं कर रहा है, इसे हिम्मत बंधाओं। भई, हिम्मत कौन बंधाएगा? उसको दाम देकर ही हिम्मत बढ़ाई जाएगी। अब किसान अनाज पैदा करने के बजाए कैश क्रॉप पैदा कर रहा है। वह भाग रहा है तमाखू की तरफ, कपास की तरफ, दाल की तरफ और तिलहन की तरफ। वह सोचता है कि इसमें आमदनी नहीं है और हमारी पैदावार से ज्यादा कीमती वहां की पैदावार है। एक तो कभी न कभी हमें इसके बारे में सोचना पड़ेगा कि हिन्दुस्तान के किसान को मुनाफे का मूल्य दिया जाएगा या नहीं? आज भी उसे मुनाफे का मूल्य नहीं दिया जा रहा है और मैं जानता हूं कि जिस किसी दिन मुनाफे का मूल्य देने की बात चलेगी, ये दफ्तर के बाबू लोग कहेंगे कि यह महंगाई फैला रहा है। मैं यह नहीं कहता कि महंगाई फैलाओ, लेकिन यह जरूर चाहता हूं कि सरकार के पास कोई ऐसा फंड हो कि उपभोक्ता को सस्ते रेट पर सामान मिले और किसान को देने में उसका जितना खर्चा पड़ता हो वह सरकारी खजाना दे। इस तरह कई तरीके निकाले जा सकते हैं।

उपसभापति महोदय, पलटन के जवान की कुर्बानी जरूरी मानी जाती है, तो उसके लिए पलटन के इलाके में कई जगहों पर सस्ते रेट की दुकानें खुली रहती हैं। लेकिन किसान जब कपड़ा खरीदने जाए, किसान जब ट्रैक्टर खरीदने जाए, किसान जब पेट्रोमेक्स खरीदने जाए, उसके लिए भी सस्ते रेट की दुकान कर दो। किसान का बेटा भी बुनियादी तौर पर केवल किसान है और उसका बेटा जब स्कूल में जाता है, तो उसकी किताब-कॉपी सस्ती कर दो और उसकी पढ़ाई सस्ती कर दो। उसका गेहूं आप सस्ते में खाओगे और उसके बच्चे की पढ़ाई सस्ती नहीं करोगे? उसको ट्रैक्टर चाहिए या उसके घर में कोई टेलिविज़न बजाना चाहे, तो वह उसे सस्ते में नहीं दोगे? यदि ऐसा करोगे तो वह गेहूं बोना छोड़ करके कपास बोएगा, तमाखू बोएगा और तब आपको विदेश से मंगाना पड़ेगा।

मैं जानता हूं कि मंहगाई के कारण दुनिया में आज तक कोई बगावत नहीं हुई है, केवल आदमी का पेट जलता है। पांच दिन न खाने के बाद अगर छठवें दिन भी उसे खाने को मिल जाता है, आदमी बड़ा ही सब्र वाला जानवर है, छठवें दिन खाने के बाद फिर से वह सात दिनों के लिए जी जाता है। बगावत तो किसी आफत के ऊपर आती है, जिसमें जज्बात जुड़े रहते हैं। किसी अर्थशास्त्र के सवाल पर जल्दी बगावत नहीं आती है। मैं जानता हूं कि यह बगावत का मुद्दा नहीं है, लेकिन जिस तरह से गांव के लोग, गरीब लोग गरमा रहे हैं, उस गर्मी को यह सरकार झेल नहीं पाएगी। उसके लिए मैं अभी से आपको चेतावनी दूंगा। यह सही है कि कई तरह के दाव-पेंच चलते हैं, पूरे बिहार से ले करके उत्तर प्रदेश में आलू इस समय एक रुपया, डेढ़ रुपया किलो बिक रहा है और हम यहां पर महंगाई की चर्चा कर रहे हैं। हमारे यहां आलू एक रुपया किलो है। आम तौर से जो दुकानदार लेकर यहां घूमते है, आपके बाजार में आलू आठ रुपये या दस रुपये किलो है। आजादपुर मंडी में वह साढ़े तीन या चार रुपये किलो होगा।

माननीय सदस्य: मुम्बई में तीस रुपये किलो है।

श्री जनेश्वर मिश्र: जी हां, मुम्बई में तीस रुपये किलो है। क्या दिल्ली की सरकार लालू प्रसाद के मंत्रालय से यह नहीं कह सकती कि कुछ माल गाड़ियां जल्दी दो कि उत्तर प्रदेश और बिहार का सारा आलू इकट्ठा करके कुछ महाराष्ट्र में भेज दिया जाए, कुछ दिल्ली भेज दिया जाए और कुछ गुवाहाटी भेज दिया जाए। सब्जी में अगर एक बार आलू सस्ता हो गया तो सारी सब्जियां घुटने टेक देंगी, क्योंकि महंगाई का एक यह भी नियम है कि एक ईंट खिसका दो तो बाकी ईंटे भड़भड़ गिरने लगती हैं। इसलिए कहीं कोई चीज़ तो करनी ही पड़ेगी। इस सरकार को सलाह देना मेरा काम नहीं है, मेरा काम इसकी आलोचना करना है, क्योंकि मैं विरोधी हूं, लेकिन लोगों की तकलीफ देख करके मुझे मजबूरन यह कहना पड़ रहा है।

मध्य प्रदेश और राजस्थान में जो गेहूं होता है, दुनिया में ऐसा गेहूं कहीं भी नहीं मिलता है। वह गेहूं ऐसा है, जिसमें लसाड़ बहुत होता है। वह उसे सानते समय तो नहीं आएगा, लेकिन पकने के बाद उसको खींचिए तो दूर तक तार आएगा। वह गेहूं केवल मध्य प्रदेश और राजस्थान में होता है। दुनिया में ऐसा गेहूं और कहीं भी नहीं होता है, न ही हिन्दुस्तान में किसी और स्थान पर होता है। ये पीज़ा बनाने वाली, डबलरोटी बनाने वाली और बर्गर बनाने वाली जितनी भी बड़ी कंपनियां हैं, उन कंपनियों के यहां आजकल पीज़ा बड़ा गजब का हो गया है। पहले एक टोबैको बनाने वाली कंपनी थी, इंडियन टोबैको कॉर्पोरेशन....(व्यवधान)

श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया (झारखंड): पहले इम्पीरियल थी लेकिन अब इंडियन है।

श्री जनेश्वर मिश्र: उसको इस समय किसी दूसरी कंपनी ने खरीद लिया है और वहां पर तमाखू के साथ-साथ पीज़ा भी बनता है, बर्गर भी बनता है, डबलरोटी भी बनती है। वहां यह सब बनने लगा है। खैर, कोई कहीं पर कोई भी चीज़ बनाए, उस पर कोई ऐतराज नहीं है, लेकिन वह जो गेहूं है, उसको यह सारी कंपनियां खलिहान से जा करके 1200 रुपये क्विंटल के भाव से खरीद लेती हैं। किसान सोचता है कि कौन ढोकर के ले जाए, इसे यहीं बेच दो। किसान भी काम करते-करते थोड़ा थक जाता है। अभी हमारे एक मित्र बोल रहे थे कि कुछ भाई लोग हारवेस्टर का विरोध कर रहे हैं। हालांकि इस महंगाई के विषय में वह नहीं आता, लेकिन मैं इतना कहना चाहता हूँ कि खेती को मशीनों की तरफ बहुत मत फेंको। एक जमाने में खेती को ट्रैक्टर की तरफ फेंक दिया, हम लोगों के दरवाजे पर जो बैल बँधे रहते थे, जिनकी घंटी टुन-टुन बजती थी, वे सब बिहार के रास्ते कोलकाता चले गए, गोश्त के लिए कटने। हिन्दुस्तान में कम-से-कम 6 करोड़ लोग हैं, जो खेतों में मजदूरी करते हैं और उन्हें 4 महीने का खाना मिलता है। आप हारवेस्टर मंगा दोगे, तो बैल तो आपने कटवा दिया गोश्त के लिए, अब आदमी की गर्दन भी काटनी पड़ेगी, क्योंकि ये कहीं काम नहीं पाएँगे। खेती को कम से कम मशीन की तरफ बहुत मत फेंको। यह वामपंथी और दक्षिणपंथी सोच का सवाल नहीं है। कुछ चीजें तो अपने आप करनी चाहिए, उसको छोड़ देना चाहिए, क्योंकि वह कुदरत पर ज्यादा मुनस्सर करती है, वह केवल आपकी मशीन पर नहीं चलती है। लेकिन एक मित्र ने बोला था, इसलिए उसका जवाब दे देना जरूरी था।

सर, महंगाई चरम सीमा पर है। इसके लिए वित्त मंत्री जी भी थोड़ा-बहुत दोषी हैं और इनकी सरकार भी दोषी है। पे कमिशन की रिपोर्ट इन्होंने यहाँ रख दी। उसके बाद यह महंगाई बढ़ गई। उसे दो महीने बाद ही रखते, क्या जल्दी पड़ी थी। याद रखिएगा महंगाई में जब कभी भी इंसान की आमदनी में बहुत बड़ा फर्क हो जाता है, किसी भी कमिशन की रिपोर्ट क्यों न हो, उसके बाद बाजार तरतराता है। उसके बाद वह किधर को जाएगा, यह कहा नहीं जा सकता है। कैबिनेट सेक्रेटरी की तनख्वाह 90 हजार रुपए कर दी गई, बाकी सेक्रेटरीज़ की तनख्वाह 80 हजार रुपए कर दी गई है। कल्पना कीजिए, सर। अभी किसी को एक धेला नहीं मिला है, आपने केवल रिपोर्ट रखी है, तब तक बाजार गड़बड़ाने लगा है। बाजार गड़बड़ा रहा है, तब आप कहते हैं कि कोई जादुई छड़ी नहीं है। जादुई छड़ी नहीं है तो क्या है? कौन हल करेगा? जो जादुई छड़ी नहीं रखेगा, वह सरकार भी नहीं चला पाएगा। श्री मोरारजी का, 1977 का जमाना याद कीजिए। आप लोगों के जाने के पहले जो बाजार भाव था, मोरारजी के पास जादुई छड़ी थी या नहीं, मैं नहीं जानता, लेकिन उन्होंने एक मामूली कदम से उस बाज़ार भाव को चौथाई पर ला कर के रोका था। यह सब लोग जानते हैं। वह जनता पार्टी का जमाना था। अब भी वह गीत गाते हैं। कोई-न-कोई जादुई करिश्मा दिखाना पड़ेगा। यह सोचना आपका काम है, मेरा नहीं है। आपने इधर कई तरह के बाजार बना दिए हैं। यह जो आपका वायदा कारोबार का बाजार बना है, यह तो डाकुओं का अड्डा है, इसके अलावा कुछ नहीं है। सर, वे सामान नहीं खरीदते, बात खरीद लेते हैं, बात की तिजारत होती है, टेलिफोन से तिजारत होती है और हजारों करोड़, लाखों करोड़ का सामान मंडी में पड़ा है और टेलिफोन पर उनका सौदा हो गया और जब चाहें उसका भाव बढ़ा दें। उनकी इन हरकतों पर निगरानी रखने के लिए कोई पारदर्शिता नहीं है। शुरू के दिनों में तेल, दाल, गेहूँ, चावल, ये सब चीजें उसमें नहीं आती थीं, बाद में उन्हें भी आने दिया गया। अमेरिका का कोई बहुत बड़ा वायदा कारोबारी है, यानी हिन्दुस्तान में वायदा कारोबार में जितनी पूँजी लगी है, उतनी पूँजी उसने सारी दुनिया में लगाई है, वह इतना बड़ा आदमी है। हिन्दुस्तान की सरकार ने उसको वीज़ा दे दिया कि आओ, तुम भी काम करो। हम लोगों को कहाँ ले जा रहे हैं? जब मैं पिज्ज़ा की बात कर रहा था, तो हम हिन्दुस्तानी पिज्ज़ा तो खाते नहीं हैं, हमारे देश में यह पहले नहीं बनता था। हाँ, चिदम्बरम साहब, आपकी नेता जिस देश से आती हैं, वहाँ पिज्ज़ा

जरूर खाया जाता है। ठीक है, पिज्ज़ा खाइए, लेकिन अमेरिका के उस कारोबारी का नाम सभी लोग जानते हैं। उसका नाम वॉल मार्ट है। ...(व्यवधान)...सर, हम अंग्रेजी नहीं बोल पाते। एक बार हमारे किसी मैम्बर को चिदम्बरम साहब ने कहा था कि मैं अंग्रेजी में जवाब दे रहा हूँ, तुम समझ नहीं पाओगे। तो माननीय सदस्य को खड़े होकर थोड़ा अंग्रेजी बोलनी पड़ी थी। हमको हंसी आती है। उस दिन हम नहीं थे, वरना हम कह देते कि हमारे यहां यह अंग्रेजी बोलना कोई शान की चीज नहीं है। हम अपने लोगों की आम जनता की खिदमत कैसे करते हैं, सियासत में वह शान की चीज है। सियासी आदमी के लिए भाषा की शान, बालों की रंगाई की शान, कपड़े-लत्ते की शान का कोई महत्व नहीं होता। इन्होंने कह दिया था, तो हमने गलती मान ली कि हम अंग्रेजी में वॉल मार्ट नहीं कह पाते। तो आपने उस तक को बुला लिया और बुलाने के बाद किस तरह से इन्होंने बाजार पर कब्जा किया? अब सुना है कि गेहूं, चावल वगैरह पर से इन लोगों ने जो पहले बैन हटा लिया था, उस पर फिर रोक लगा दी है। वह लगाई है या नहीं, मैं नहीं जानता, क्योंकि बाजार पर कोई असर नहीं पड़ रहा है, बाजार हिल नहीं रहा है। इस समय यह बिगड़ा हुआ बाजार हो गया है।

उपसभापति महोदय, कहीं-कहीं मुम्बई वगैरह में कुछ छापे पड़े हैं और बड़े-बड़े लोगों पर छापे पड़ने के बाद गल्ला थोड़ा पकड़ में आया है। हमारा ख्याल है कि यह कांग्रेस पार्टी की अंदरूनी राजनीति है। मनमोहन सिंह जी, चिदम्बरम साहब और शरद पवार जी के बीच में जो चलता रहता है, तो लगा कि उस राजनीति का थोड़ा मुम्बई में खेल दिखा दो और थोड़ा यहां भी दिखा देना जरूरी है, क्योंकि एक लड़का प्रधान मंत्री के लिए नया उम्मीदवार उभर रहा था। तो यह चल रहा था कि अब मनमोहन सिंह जी का पत्ता गोल होगा, थोड़ा यह हुआ कि महंगाई बढ़ा दो, तो इससे इनको उतरने में आसानी हो जाएगी। कितनी राजनीति होती है? हमारे पेट की आग में इतनी राजनीति जलाई जाएगी और हम भूखों मरते रहेंगे, हमारे बच्चे भूखों मरते रहेंगे, यह हम नहीं सह सकते। इसलिए मैं कहूंगा कि 15 दिन का समय लो, 10 दिन का समय लो और अगर आप महंगाई नहीं रोक पाते हो, तो इस देश को छुट्टी दो। कोई न कोई रास्ता निकलेगा, क्योंकि इस देश का आदमी अपनी जिंदगी खुद जीता है, किसी सरकार की मदद से नहीं जीता। गांव के खेत में अगर किसान वहां हल चलाता है, तो यह मत मानिए गृह मंत्री जी, कि उनके बिना हल चल ही नहीं सकता। गांव के स्कूल में अगर मास्टर अपने बच्चों को पढ़ाता है, तो यह न मानिए शिक्षा मंत्री जी, कि उनके बिना मास्टर पढ़ा ही नहीं सकता। इस देश का हर आदमी अपने जीने के लिए काम कर रहा है। उसकी जिंदगी को दूभर करना और दूभर करने पर जब हम फरियाद करने आएं, तो आप इशारा कर दो कि राज्य सरकार इसमें कुछ नहीं कर रही है, यह नहीं चलेगा।

उपसभापति महोदय, दूसरी बात मैं यह कहूंगा कि एक तर्क दिया जा रहा है कि क्रूड ऑयल महंगा हो रहा है, दुनिया के बाजार में महंगाई आ गई है। यह महंगाई कितने प्रतिशत, कितनी जगह बढ़ी है, इस बारे में एक माननीय सदस्य बता रहे थे कि तीन-चार देश हैं, जहां बढ़ी है, जिसमें पाकिस्तान है, श्रीलंका है और कोई एक और देश है, यह महंगाई ज्यादा श्रीलंका में बढ़ी है, चीन में बढ़ी है। तो कुरियन साहब जब उसका जवाब दे रहे थे, तो थोड़ा सा हमारे वामपंथी मित्रों की तरफ देखकर मुस्करा रहे थे। उन्होंने यह नहीं देखा कि चीन वालों ने अपने आदमी की हिफाजत के लिए कितना प्रबंध किया है? आदमी की जिंदगी की हिफाजत का पूरा प्रबंध करने के बाद अगर थोड़ी बहुत महंगाई बढ़ जाती है, तो चिदम्बरम साहब, हम आपको माफ कर देते। आदमी की जिंदगी की हिफाज़त और पूरी हिफाज़त जरूरी है, इसलिए वह शोक मत दिखाइएगा। थोड़ा खर्च कम करना पड़ेगा, खर्चे कुछ ज्यादा हो रहे हैं, फिजूलखर्ची ज्यादा हो रही है । खाली खर्चे इस तरह के नहीं होते कि आपने किसकी कितनी तनख्वाह बढ़ा दी है, खर्चे कई तरह के होते हैं। तनख्वाह बढ़ा दी, उसके बाद दूसरी सुविधाएं बढ़ा दीं, परिवार के लोगों की सुविधाएं बढ़ा दीं और अगर टैटल कीजिएगा तो 92 हजार नहीं, 2 लाख से ऊपर हो जाती है। फिर दूसरे अधिकारी चाहते हैं, फिर कर्मचारियों के मन में आता है। कर्मचारियों को जब भरपेट नहीं मिलता, तो उसके बच्चे छटपटाने लगते हैं। गांवों के किसानों में क्या हो रहा है? पुराने जमाने में जब किसान की फसल मारी जाती थी, तो वह आत्महत्या करता था। आज के किसान का बेटा, किसान की जब फसल मारी जाती है और साहूकार उससे कर्जा लेने आता है, तो आज के किसान का बेटा उसको जान से मार देता है और तब कहा जाता है कि वामपंथी हिंसा बढ़ गई है। ये दोनों एक साथ चलेंगे, हम खुदकुशी करेंगे और हमारा बेटा बंदूक उठाएगा। यह लड़ाई कहीं तो बंद करानी पड़ेगी। ऐसा नहीं है कि गल्ला कम हो गया है, ऐसा भी नहीं है कि हिन्दुस्तान के बाजार में सामान कम हो गया है। सामान है, सजा-सजाया है, मॉल में तो बहुत ही सजा है। माल सजा है, लेकिन खरीदने की ताकत

जेब में नहीं रही और हमारे बाप की जेब में खरीदने की ताकत नहीं है, हम क्या करेंगे? हम उन दुकानों को लूट लेंगे और तब आप हमको कहेंगे कि वमापंथी हिंसा, नक्सलपंथ मत किया कीजिए। कई जगह से रिपोर्ट आई है कि आपके मॉल्स में ऐसे लोगों ने भी पूंजी लगाई है, जो आतंकवादी चरित्र के हैं। गृह मंत्रालय की एक सलाहकार ने भी यह बयान दिया है। अगर इस तरह की पूंजी लग रही है और उस पूंजी से आदमी का पेट नहीं भरता, सामान बाजार में है, तो यह क्यों नहीं सोचते कि उसका नतीजा निकलेगा और बूढ़ा तो लूटने के लिए नहीं जाएगा, लेकिन नौजवान उन दूकानों को लूट लेगा। इसलिए या तो वहां पुलिस का इंतजाम करो और नहीं तो इस तरह की बकवास की दुकानें बंद करो। खोमचे वाले या फुटपाथ पर जो दुकानें लगा करती थीं, वे बंद हो गईं। सब्जी खरीदने के लिए साज-सजावट का खर्चा क्यों बढ़ाया जा रहा है? यह सही है कि माननीय सुप्रीम कोर्ट को आदेश देने का अधिकार है। कभी-कभी सड़क पर, फुटपाथ पर दुकान बनी होती है तो लगता है कि पर्यावरण का मामला फंस गया, तो उसकी निगाह में किरकिरी आती है। उसके आदेश का पालन करो, लेकिन बहुत बड़े और बूढ़े लोग जब बुढ़ापे का आदेश देते हैं तो सम्मान से सर झुकाकर बगल से निकल जाना चाहिए। कानून और आदेश के पालन करने का एक तरीका यह भी है, सम्मान में कमी नहीं आने देंगे। लेकिन कई जगहों पर दुकानें टूटने लगीं, दिल्ली के हलवाई और दूसरे दुकानदार हल्ला करने लगे कि दस पुश्तों से हम काम कर रहे हैं। बाजार गरम हो गए, जगह-जगह बाजार गरम हो गए और उपभोक्ता अगर बाजार की तरफ चला गया तो वह बहुत बुरा हो गया। उपभोक्ता अगर आपके यहां सड़क पर आ जाता है लड़ने के लिए तो हम लोग उसके बीच में खड़े होकर कायदे का रास्ता निकाल सकते हैं, लेकिन अगर उपभोक्ता बाजार की तरफ चला जाता है, तो वह पुलिस की गोली के अलावा रुकता नहीं है। इसलिए मैं नहीं चाहता, चिदम्बरम साहब कि हिन्दुस्तान का उपभोक्ता, जो अधखाए पड़ा है जो एक जून खाता है, वह बाजार की तरफ चला जाए, सड़कों पर निकल जाए। वह राजनीतिक पार्टी के लोगों के बूते के बाहर जा रहा है, क्योंकि उसका पेट जला है। उसके बच्चे का मुंह सूखा हुआ है और वह गुस्से में निकल गया, हमारे पास नहीं आया। हम विरोधी तो मार खाकर भी आपको बचाते हैं, लेकिन वह अगर उधर चला गया तो आपको गोली चलानी पड़ेगी और हो सकता है कि आपको ही मार खानी पड़े, हम लोग एक तरफ खड़े रहेंगे।

उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने हमें बोलने की इजाज़त दी, लेकिन इस सरकार से कहिए कि थोड़ा शऊर से रहें ये लोग शऊर खो चुके हैं और अगर ये शऊर से नहीं रहेंगे, बाजार इस तरह से बिगाड़ते रहेंगे तो इस देश को चलाना मुश्किल होगा। तब यह देश अफरा-तफरी का हो जाएगा, लूट-मार का देश हो जाएगा। यह देश गांधी जी का देश कहा जाता है और कांग्रेस पार्टी तो गांधी जी को अपना पुरखा मानती है। इसलिए अगर ये शऊर से नहीं रहेंगे, तो देश में अफरा-तफरी हो जाएगी, देश में मॉल संस्कृति आ जाएगी और वायदा कारोबार में जैसे वाल मार्ट वगैरह अमरीकन आया है, वे सब आने लगेंगे। कहां हम लोगों ने विदेशियों को भगाया था और कहां आप उनको लाने लगे हैं। आपके ही नेता लोगों ने तिरंगा लेकर हम लोगों को सिखाया था कि विदेशियों को भगाओ, हम लोगों ने भगाया था, लेकिन आप खुद विदेशियों को बुलाने लगे! कुछ लोग शादी-ब्याह करके बुलाते थे, हमने ऐतराज़ नहीं किया, लेकिन अब बुला रहे हैं, हम ऐतराज़ करेंगे। हमारे रोजगार में मत बुलाइए। धन्यवाद।

श्री सीताराम येचुरी: उपसभापति महोदय, जैसा कि अभी कहा गया, इस सदन में कई बार महंगाई के ऊपर चर्चाएं हुईं, लेकिन इस बार जो चर्चा हो रही है, यह इस तरीके की महंगाई के बारे में चर्चा हो रही है, जो हम समझते हैं कि सिर्फ आम जनता के ऊपर आर्थिक बोझ ही नहीं बढ़ा रही है, बल्कि एक तरीके से दो भारतों की सृष्टि कर रही है–एक तरफ है एक चमकता भारत और दूसरी तरफ है एक तड़पता भारत और ये दोनों भारतों की सृष्टि जो आज हो रही है, उसका बहुत ही गहरा संबंध इस महंगाई के साथ जुड़ा हुआ है क्योंकि आज Wholesale Price Index के बारे में यह कहा जा रहा है कि यह 7 और 8 के बीच में है, लेकिन जरूरी चीजों के दाम अगर आप देखें, ये आंकड़े मुझसे पहले अभी बोले गए हैं, मैं उनको दोहराना नहीं चाहता हूं, लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि कुछ तेल ऐसे हैं, जिनके दाम 6 गुना बढ़ चुके हैं और अनाज का दाम करीब 20 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुका है, जो vegetables and fruits हैं, उनके दाम 20 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ चुके हैं। यह जो महंगाई हो रही है, यह इस संदर्भ में हो रही है, मैं इस ओर आपकी दृष्टि आकर्षित करना चाहूंगा कि जब अपने देश के अंदर इसी सरकार ने बड़े गर्व के साथ और हमने भी आलोचना के साथ इसका समर्थन किया था कि आप mid-day meal scheme के लिए खर्चा बढ़ाएंगे, लेकिन आज इस महंगाई के चलते हमारे बच्चों को इस mid-day meal scheme

के अंतर्गत जो खाना मिलेगा, आपने जो plan किया था, उसके मुकाबले उसकी nutritional value आधी हो जाएगी। आज तकरीबन 78 प्रतिशत गर्भवती माएं ऐसी हैं, जो anaemic हैं, जिनके अंदर खून की कमी है, आज तकरीबन हमारे देश के आधे बच्चे ऐसे हैं जो mal-nutritioned हैं या जो stunted हैं। अब इन लोगों को nutrition देना है और ऐसे दाम पर देना है, जिसे वे afford कर सकें, यह हमारे सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है। यह हमारे लिए एक चुनौती है कि हम इस चमकते भारत को सबके लिए चमकता हुआ भारत बनाएं या चंद लोगों के लिए चमकता और बाकी सब लोगों के लिए तड़पते भारत के रूप में हम इसको उतारकर ले आएं। इस महंगाई के सवाल को आप एक हल्के रूप में न लें, क्योंकि इसका बहुत बड़ा असर हमारे समाज पर पड़ रहा है और ऐसा परिवर्तन हो रहा है, जिसका परिणाम बड़े लंबे समय तक हमारे ऊपर रहेगा।

उपसभापति जी, दूसरी बात यह है कि inflation is also an income redistribution mechamism. When prices rise, inflation redistributes income away from the working population towards those who earn profits. So, in this process, through inflation, you are actually subsidising the rich and you are taxing the poor; and it is again dividing the society and widening the hiatus between the 'shining India' and the 'suffering India'. So, on both these counts, I think, tackling this inflation is a very important challenge before this Government, and if it fails to do that, I am afraid that all the hopes with which we have supported this Government will also have to be rethought. And that is something which we do not want them to force us to rethink about because we think that this can be tackled and how this can be tackled is what I would like to propose.

Sir, my friend, Shahid Siddiqui, is bemoaning. He is saying that this position has come a little too late. ...(*Interruptions*)... No; no; but the point is that ...(*Interruptions*)... I will come to it; I will come to it. My interest is to reduce the prices. My interest is not to provide my shoulder for somebody else to fire his guns. As has been stated here by our hon. Professor, yes, inflation, all of us know, always happens because of a mismatch between demand and supply. The question is, why does this mismatch occur? One obvious thing, to correct this mismatch, is to increase your production. There is no doubt about it and that is why we have always emphasised it. In fact, if you recollect, Sir, the Common Mimum Programme of this UPA Government talks in terms of doubling public investment in agriculture. Now, what have you done in the last four years? How much of new irrigated land has been added?

How much have we actually invested in new, high-yielding varieties of seeds? Now, these are serious questions and this is something which is a very serious matter, which has to be addressed. But there has to be a long-term solution. Yes, we have to think about it now. So, only to say that our production has not been increasing and, therefore, the mismatch, is only an excuse. Actually the basic question is of how we can today tackle the situation. The second trend that has been stated here is that this is a global phenomenon. Now, this is nothing new. We have heard this since the days of Shrimati Indira Gandhi, 'corruption is a global phenomenon', 'unemployment is a global phenomenon' and, now, 'inflation is a global phenomenon'. Now, I do not discount the fact of the global impact. Yes, the rise in the prices of oil products has had a very big impact on food prices because oil is a very important input in agriculture and, therefore, the costs of production have risen. That is a fact. It is also a fact that the shift that is being made towards bio-fuels is also impacting the availability of foodgrains for the consumption of human beings. Here, Sir, we must remember that one fact dramatically tells you what this impact would be, that, for instance, 20 per cent of the production of maize in the United States of America is today earmarked for biofuels, and the amount of maize that is required to fill the tank of an average car is equivalent to the annual consumption of maize of a well-bodied African male today. What he consumes the whole

3.00 P.M.

year is what is required to fill the tank of a car on an average. Yes, that is danger that we will have to take care of. The third factor is that there has been a crisis in agriculture globaly and that global crisis has also brought down production of foodgrains. And economists will tell you, there is a famous curve called the Phillips Curve; that you encounter this whenever production goes up; it is met with the wall of inflation. Now, that is also a fact that is operating. Yes, nobody is denying these three factors. But why is it that in the last one year the prices of foodgrains have shot up so dramatically? In the last one year, if you look at the prices of wheat globally, it has gone up by 92 per cent till February 2008. The prices of Soyabean have gone up by 65 per cent till February 2008. Why this sudden spurt now? The other three global factors have always been there. That is where you are failing to put your finger on the actual cause and, that is, that all this has been happening in the last year because of a severe crisis in the world financial markets and system that has been triggered by the sub-prime crisis in the United States of America. All these financial players, to cut their losses from the sub-prime crisis and the recession in the United States of America, are shifting into newer areas, and the area that they have chosen and where they are playing havoc today globally, the global speculators, is the futures trading and forward trading of foodgrains. And it is in this area where they have concentrated upon to cut their losses and we have to pay the price for that. And how do we, therefore, insulate ourselves from this? The only way to insulate ourselves is not merely to put a break on this process of reckless liberalisation that has been taking place but actually to reverse this process in order to protect ourselves and insulate ourselves from this global trend. That is where we want this Government to state that there are global factors that are at play leading to the rising prices, but there are many measures that we can take to insulate ourselves from this and if we do not do that, I am afraid—our senior Shri Janeshwar Mishra has talked only of some countries where the prices have risen, नहीं साहब, आप बहुत सारे देशों में food riots हो रहे हैं। अफ्रीकन देशों में, जहां पर उनको अनाज नहीं मिल रहा है, वहां food riots हो रहे हैं। हम नहीं चाहते हैं कि ऐसी हालत यहां पर आए। अगर इसको रोकना है, तो पहले जो हमारे पास procurement और distribution mechamism हुआ करता था, जिसके चलते हम international speculations से अपने आप को बचा लेते थे, अब आपने इसको भी abandon कर दिया है। We have abandoned the entire system of a security net for our own people through the procurement and distribution mechanism that we had in place, howsoever inefficient. We had it in place in the past and, instead, you are now prostrating before the god of liberalised markets. Now, what happened in the year 2006? In the year 2006, Cargil India, the Australian Wheat Board, and two Indian based companies with a log of foreign hold too in them, the ITC and the Adani Export, procured 30 lakh tonnes of wheat and that process has been going on. There is a reasons why I am using 2006 as a benchmark. But that process has been going on and the net result has been that the procurement by the Government has been constantly and dangerously falling. What was it? In 2003-04, you had procured 16.8 million tonnes, in 2004-05, this came down to 14.8 million tonnes and now it has come down from 11.1 million tonnes to 9.2 million tonnes. This reduction in procurement is reaching such a drastic level that it is now estimated that on the 1st October, 2008 the rice stock in our country will be 5.49 million tonnes as against a buffer norm of 5.20 million tonnes and the wheat stock will only be 10.12 million tonnes as against a buffer norm of 11 million tonnes that is required. So, as a result, you have created a situation of food insecurity in our country by allowing these huge multinational corporations to move in agro business. You have allowed our procurement to drastically reduce and this has resulted in a serious situation that is looming before us, that is, food insecurity. Further, here, we have to understand how do these people make their killings.

How do these corporations actually make their killings? There are three particular steps that they would require in order to make super profits out of rising prices of foodgrains and essential commodities in our country. The first is that the Government must be made so helpless or so weakened that it should not have large stocks to dempen the spot prices as a moment in this speculative trading. So, reduction in Government stocks is imperative for them to speculate on prices of foodgrains and that is what they have achieved over the last few years of having gained entry into this market. Secondly, the private trade must have adequate stocks and that they can intervene in the market whenever it is required in order to keep prices at a higher level. Thirdly, no institutional mechanism for distribution of foodgrains must exist in the country and that is why we see this fall in procurement accompanied by the dismantling of the Public Distribution System and it is this that has brought this about. Here, I am just quoting the London Economist. He says, "That Multi-commodity Exchange in India averages volumes of over 3 billion dollars a day." Three billion dollars a day is the speculation that is taking place in the commodity exchange market of futures and forward trading and in this we now have over the last few years three national level electronic exchanges, twenty-one regional exchanges and eighty commodities have been allowed to participate in this derivative trading and the list is continuously growing. Last fortnight, from 17th March to the 31st March, the total value of trading at these commodity exchanges was Rs. 2,12,465.17 crores in two weeks. This is the volume that has been transacted in the market and the cumulative value of trade in the last financial year, from 2nd April, 2007 to 31st March, 2008, was to the tune of Rs. 40,65,989 crores. Look at the size. The Finance Minister is here. How many times of our Annual Budget is this? The cumulative value of trade that is happening in these commodity exchanges is Rs.40,65,989 crores, and this has been growing from Rs. 36 lakh crores in 2006-07 to Rs. 40 lakh crores whthin the span of these twelve months. This is the dimension that we are talking of, and if this is the dimension of speculation that is taking place in the foodgrains market in the futures and forward trading, how is it impacting on prices? I told you earlier, how they require to keep the price levels high, how they will dismantle your procurement system and your buffer stocks, how they will dismantle your Public Distribution System and how they will keep stocks with themselves in order to enter the market and this is the process through which they are manipulating this entire price situation, and unless we guard against it, it will be impossible for us to actually contain this price rise. Why do I say this? You look at some of the starting figures. You take the production of grams in 2005-06. We produced 57.8 lakh tonnes. We imported between 3-4 lakh tonnes. If you add that, a little over 60 lakh tonnes is what the stocks we have. And what was the volume of future trades in the commodity exchange, at that time, against this 60 lakh tonnes? The trade took place for 742 lakh tonnes because in futures trading, there is no actual exchange; there is no real exchange. It only takes place as a transaction. That is the speculation. And, what was the value in rupees? It was Rs. 1,39,864 crores. Now, your production is 60 lakh tonnes including imports and you are speculating for 750 lakh tonnes already and I have these fugures for all these things—for guar seed, for soya oil, for arhar dal, for castor seed and—everywhere, you find speculation is taking place at 100, 200 and sometimes, 300 times the physical stock that you have. If the speculation is taking place at this scale, does it not impact prices? Does it require more than common sense to acually see that unless were are able to stop this sort of speculation, we are not going to release the pressure on an upward movement of prices? In spite of all this, you have, on the 18th of March, 2008, permitted trade in 32 additional commodities. You have permitted them to go up till December, 2009. What are these commodities? These are coconut oil cotton seed, cotton yarn, castor seed, castor oil, coconut cake. Including all these items, you have included

32 of them further. The point that we are making is that this speculation in foodgrains; trade, which is one of the major causes for this rise in prices, have to be contained. This is a fact now towards which I want to draw the attention of the House and of this Government. This is nothing new that the Left parties have been saying or the CPI (M) has been saying. We have been saying right from the time this Government was formed. In 2006, there had been a very big debate on this issue. Very often, the UPA Chairperson is invoked, I think, I will also invoke from a different point of view. This is what Mrs. Sonia Gandhi said in the Congress Parliamentary Party meeting in August, 2006. I quote, "The Prime Minister and I had a meeting with our Chief Ministers. They were unanimous that forward trading, particularly in wheat, has had an adverse impact and called for a more effective framework to deal with speculation." This is not what I am saying. This is the Chairperson of the UPA who was saying that. So, when she says, "to deal with speculation, effective framework", our question is: why is it that you have not done it? It is not only betraying us; it is not betrarying the people of this country; it is betraying your own leadership that you have not undertaken this; and this is what you have to understand that there is a betrayal down the line that is taking place here, and this is all happening only for the super profits of few corporations. And, are we to hold ourselves and Indian people as hostages, there are 1.1 billion of them? When we talk of 70 crores of Indians below the age of 40 today, that youth to whom if we can give proper health and nutrition, you give them education, you give them employment. They will build a better India, Sir. And, that is what you are denying. That is why, this price rise is not only an issue of containing prices, but this is actually a blueprint of disaster for the future of our India. If we want to build a better India, then what do we have to do, this is something they have to seriously consider. Therefore, we demand an immediate ban on the future trading of 25 commodities listed by the Parliamentary Standing Committee, and this is necessary to untie the apron strings to liberalisation that this Government has got itself in tangles. And, they will have to get out of this crisis by doing that. Further, I think the entire analysis of why this inflation is taking place is also being grossly misplaced by the Government. The argument we are hearing is that inflation is taking place because there is greater liquidity in the market, which means there is greater money supply in the market. Now, this is a cruel joke. Yes, you may have 36 billionaries in our country according to the Forbes. But, at the same time, Mr. Arjun Sengupta's Committee has told us that 78 per cent of Indians live on less than Rs. 20 a day. So, 78 per cent of India is living on less than Rs. 20 a day, and they are the ones demanding foodgrains, not your billionaires. You billionaires have enough food to eat. The demand for foodgrains is coming from this 78 per cent people who have less than Rs. 20 a day, and who have no liquidity? Where is the greater liquidity with them? this is the cruel joke. What is happening as a reslt of it? As a result of it, the opposite effect is happening. In order to reduce the liquidity, interest rates have gone up, which means the manufacturing sector has been adversely hit hard because the cost of capital has gone up. As a result of it, the sale of consumer durables has dropped drastrically, meaning thereby that the production in the manufacturing sector has declined, which results in greater unemployment and more people being added to starving or suffering India.

Secondly, because of this whole philosophy of greater liquidity, you have not allowd to marshal, or, let us say the pegging down the appreciation of the Indian rupee. And, when the appreciation of the Indian rupee has not been pegged down, what is the result? I has grown thirteen per cent in the last one year. All export industries have suffered. Our friends from Tamil Nadu will tell you about Tirupur, which is in Coimbatore District—we were there for a week for the Party conference---where they have lost 60,000 jobs in the last one year

because of this rupee—appreciation and because your exports are not longer competitive in the international markets. So, this is the net result of the wrong diagnosis. Not only are we not containing prices but also we are pushing the economy into such a crisis that it will be very difficult for us to get out from. In addition, you are widening the hiatus between 'Shining India' and 'suffering India'.

Sir, we have heard enough of the fact that increase in fuel prices has contributed to inflation. Yes, I have already accepted that. But there is another aspect to it. Through the direct taxes in Central duties, the Central Government has earned roughly around Rs. 90,000 crores. Hon. Finance Minister is here and it I am wrong, he can correct me while giving reply. In addition to this, the State Governments have earned Rs. 60,000 crores in terms of State taxes. So, putting together, the Governmental revenue comes to Rs. 150,000 crores. Now, why do we import oil, Sir? We import oil because we do not produce enough and because we do not produce enough oil without oil, our economy will starve, we cannot economically grow. So, oil is a essential commodity. When there is a famine in the country, when people are dying, we import foodgrains becuase we want our people to survive. We import oil because we want our economy to survive. When you import foodgrains to make you people survive, do you put taxes on the foodgrains? You are importing foodgrains because your people are starving. Similarly, you are importing oil because your economy is starving, and, here, you put taxes on it and turn that as revenue. This being an essential import, these taxes have to be reconsidered and the *ad-valorem* tax structure that is being imposed on the petroleum products should be converted into volume-level taxes and the burden of this tax-revenue earning by the Government cannot be and should not be passed on to the people in terms of higher prices. Therefore, Sir, in order to reduce the burden of this tax structure on the people, we demand that the Government should reverse this tax pattern that we currently have.

Further, as I said earlier, how do we combat this inflation? Only by strengthening procurement and strengthening Public Distribution System! Instead, what do we see here now? What has happened in the last one year? (*Time-bell*) I am concluding, Sir.

Sir, in the last 2 $^{1}/_{2}$ years, the foodgrains that are supplied to the States for the Public Distribution System as been reduced by a wopping 140-lakh tonnes. This is the amount that as been cut. In some of the Left-Parties' rules States, for example, in west Bengal, as far as wheat is concerned, from 1.22 lakh tonne, it has been cut down to 0.62 lakh tonnes. In Kerala, 1.33 lakh tonnes of rice has been cut down to 0.28 lakh tonnes. This week, again, it has been cut down from 0.28 lakh tonnes to 0.21 lakh tonnes, which means another 5,000 odd tonnes have been cut down.

Now, instead of strengthening the public distribution system, you are weakening it, and, further playing into the machinations of your multinational corporations and big business houses, which I mentioned earlier. That is the method how they rake in super profits. So, what we are now demanding of this Government is to restore the supply of foodgrains to what it was earlier, with immediate effect. And, you have virtually, in the name of targeting the public distribution system for the BPL, dismantled it. So, we are saying to do away with this APL, BPL for the time being, strengthen the public distribution system, and distribute all your essential commodities through that. That is the only way we can actually tackle this thing.

Finally, Sir, on this entire question of hoarding and black marketing that has been raised here earlier and we think stringent steps must be taken, I would like to point out—our hon. Member who initiated the discussion is not here—during the time of the NDA rule, there was an official order dated 15th February, 2002 which was followed up with an amendment dated 16th June, 2003 for removal of licensing requirements, stock limits and movement restrictions on specified foodstuffs. According to this order, what did the NDA Government do Sir? The order says, "Any dealer can freely buy, stock sell, transport, distribute, dispose, acquire, use or consume any quantity of wheat, paddy/rice, coarse grains, sugar, edible oils, edible oilseeds, pulses, gur, wheat, hydrogenated vegetable oil or *vanaspati* and shall not require any license or permit therefor.

[THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN) in the Chair.]

All the prices that we are talking of, you have given them the liberty. ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: For a moment only. That was surplus. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir ...*(Interruptions)*... No, Sir. This is for everthing. I am reading out your order. ...*(Interruptions)*... Mr. Vice-Chairman, I require your protection. ...*(Interruptions)*... This is for no buffer stock. This is for nothing surplus. What they have done, I am reading out of that. What the NDA Government has done is to facilitate free trade of foodgrains. The Central order titled, 'Removal of Licence Requirement, Stock Limits and Movement Restrictions' of 2002. What does it say? "Any dealer can freely buy, stock sell, transport, distrbute, dispose, acquire, use or consume any quantity of wheat, paddy/rice ...*(Interruptions)*... of wheat, paddy/rice ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: He should not give half interpretation. ...*(Interruptions)*... He should give the complete data. At that time, how much foodgrains was available in the stocks. ...*(Interruptions)*... What is this? ...*(Interruptions)*... Kisan union came from Punjab and demanded that the farmers of Punjab ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Ahluwalia you can reply when your chance comes. ...*(Interruptions)*... There are many speakers from BJP, they can also react on this. ...*(Interruptions)*...

SHRI SITARAM YECHURY: Sir, I repeat, I underline, what I am reading is the official order that they have passed and I am reading again that "Any dealer can freely buy, stock, sell transport, dispose ...*(Interruptions)*...

SHRI S.S. AHLUWALIA: Yes, this is our order. We were in surplus. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): You can reply when your turn comes. ...*(Interruptions)*... Please, Mr. Ahluwalia ...*(Interruptions)*... Don't be impatient. ...*(Interruptions)*... Please, Mr. Ahluwalia, I will give you a chance. ...*(Interruptions)*...

The second problem, Mr. Vice-Chairman, Sir, I must mention is, whatever little measures—little price change, little import duty change, little export ban, etc.—we tried to do will not work. This will not work because of the nature of this inflation, basically our prices are being determined and governed by international prices. This is the effect of globalisation. We cannot get away from globalisation. It is a fact Particularly, when the world prices are higher than the domestic prices, there will be speculation, there will be hoarding, and there will be expectations that the prices will go up further. In this kind of a situation, it will not be possible to have much effect of this kind of tinkering. But, there is at least one effect of this tinkering. That effect is on inflationary expectation. As Mr. Jalan pointed out, in this situation there will be inflationary expectation, that is, you expect more inflation to come. That is a psychological case for which we must take immediate action. Therefore, I would suggest—our Agriculture Minister is here—that some steps should be taken immediately. It is not a question of State Governments or the Central Government. I beg to differ from you Mr. Vice-Chairman when you made this point. The primary responsibility is on the Central Government. The State Governments will act accordingly. But the Central Government must take immediate action. One of the first actions is, to have an ordinance banning for six months all forward trading. I do not say, forward trade banning will have immediately much of an effect on actual prices. But, it will have an effect on inflationary expectation.

The second point is very important. You can have an ordinance—even the Central Government can have it—against all kinds of hoarding and all kinds of stocking of specific limits of different essential products for a period of time. I do not agree that this will have a major effect. In fact, if we are growing, in terms of GDP we should get away from this kind of control. But, at a particular point of crisis, this message must go that the Government is now determined that no stocking and no hoarding will be done. This can be done only by a Central Government ordinance.

The third point is expansion of the Public Distribution System. This is the Agricultural and Food Minister's area. It is not only that the Public Distribution System should not be restrained. Examples were given by Shri Sitaram Yechury. It is a fact. In fact, again and again, these points have been made that APL releases have been cut down and the total amount has been cut. We cannot do that at this time. We have to have a substantial increase of releases to the poor people. Therefore, the PDS system must expand. But, in order to expand the Public Distribution System, we cannot use all the existing stocks, there are limits. I am not quite sure, but, once the Rabi crop of the Boro crop comes, there may be further procurement. But if there are no stocks available, we have to import.

Now, I must mention one thing. The Finance Minister comes and says, again and again, that where we can import from; there is nothing available. This is, unfortunately, not economics. Any tradable item is available in the world at a price. When you say that it is not available, it means that it is not available at a cheap price. You have to pay a high price. And, that, I am afraid, is the price this Government will have to pay for making mistakes or blundering on its imports earlier. In 2006, when our buffer stocks were coming down, there was a big difference between the norms in the buffer stock and the actual buffer stock. We should have gone in for imports. We did go in for imports for a limited amount. At that time, the cost was only $ 170. It went up to $ 214 in the middle of the year. Then, we started importing. When we finally imported, it is now much more than $ 300. I am not saying that imports should not have been done. Mistakes were made. There are some points on which we can, probably, give some explanations, like, why the contracts were turned down etc. But whatever the causes, this particular increase in cost is the result of the Government policy. And you cannot issue foodgrains at that import cost. You have to subside that. And that subsidy has to be borne by the Government. What I am trying to say, Sir, is that this is the cost that the Government will have to pay for taking a belated position and for taking a position which they should have taken 2-3 years back when already the buffer stock figures gave us a signal that there is going to be a major problem. You have to do that. We should have a substantial expansion of PDS. I agree with Shri Sitaram Yechury that this PDS system should now move to other essential commodities which may not be subsidised. You ask NAFED to import vegetables. State Governments should now get into the procurement of goods and selling in the domestic market when they are not available in the domestic market. This would be expensive and that is the cost that the Government will have to pay. So, Sir, to sum up, this is the signal that should be given. He talked about four or five policies but other polices would have no effect, if I may say so, except the PDS point. Universalise the Public Distribution System. This is the most important thing. Then, bring in those three ordinances to curb inflationary expectations. I think this is the short-term measure that the Government must take in order to get out of the present crisis. Thank you.

श्री गांधी आज़ाद (उत्तर प्रदेश): धन्यवाद उपसभाध्यक्ष जी। महोदय, सरकार के बयान के अनुसार कृषि का उत्पादन बढ़ रहा है और देश की जीडीपी भी बढ़ रही है, सकल घरेलू उत्पाद भी बढ़ रहा है। लेकिन इन दोनों के बढ़ने के बाद भी सरकार का भंडार खाली है। इसका क्या औचित्य है, यह समझ में नहीं आता है। अगर सरकार का भंडार खाली है, तो इसका मतलब है कि व्यापारियों का भंडार भरा हुआ है और जिसके कारण जमाखोरी, मुनाफाखोरी और भ्रष्टाचार को बढ़ावा मिल रहा है, जो सरकार के नियंत्रण के बाहर है। इसकी वजह से भी सरकार महंगाई पर कंट्रोल नहीं कर पा रही है। इसके साथ ही साथ जो वितरण व्यवस्था सरकार की है, वह भी ठीक नहीं है। इसका असर भी महंगाई पर पड़ रहा है।

महोदय, आज भोग विलास की जो वस्तुएं हैं, वे महंगी होनी चाहिए, लेकिन आज वे सस्ती होती जा रही हैं और आवश्यक उपभोग की चीजें, आवश्यक सुविधाओं की चीजें जो सस्ती होनी चाहिए, वे लगातार महंगी होती जा रही हैं। महोदय, मैं जब पहली बार एम०पी० बनकर आया, मैं नौकरी छोड़कर एम०पी० बना था, एक चतुर्थ श्रेणी की महिला उस समय मुझसे बोली की आप एम०पी० बन गये। आप हमारा एक अनुरोध सरकार को बताइयेगा। सरकार दाल सस्ती कर दे और शराब को महंगा कर दे। उसने यह इसलिए कहा था कि जब दाल सस्ती हो जाती है, तो दाल के जूस का पानी पी कर के गरीब का बच्चा भी जी लेता है और गरीब भी जी लेता है। लेकिन उल्टा हो रहा है, अब शराब सस्ती होती जा रही है और दाल महंगी होती जा रही है। उस महिला का कथन था कि शराब पीकर के पति लोग उदंडता करते हैं, निकम्मे निकलते हैं और साथ ही साथ गरीब महिलाओं पर डंडे बजाने का काम भी करते हैं। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करता हूं कि वह दाल को तथा आवश्यक वस्तुओं को सस्ती करने के विषय में जरूर सोचे। इसके साथ-साथ मेरा सुझाव है कि कृषि उत्पादन को प्रोत्साहन देने की जरूरत है। कृषि के लिए सबसिडी देने की जरूरत पड़े, तो उसके लिए सबसिडी भी दी जानी चाहिए। जब हमारी खाद्यान्न की आवश्यकताएं पूरी नहीं हो रही हैं, तो हमारे देश से दूसरे देशों को निर्यात नहीं होना चाहिए। निर्यात पर भी रोक लगाई जानी चाहिए। जमाखोरी, मुनाफाखोरी को भी बंद किया जाना चाहिए। साथ ही साथ खाद्यान्न के आयात को भी बढ़ावा देना चाहिए, ताकि हम इस महंगाई पर नियंत्रण कर सकें। इस देश में अमीर-गरीब की खाई बढ़ती जा रही है, इसलिए हमारा सभी पक्ष के लोगों को सुझाव है कि जो राजनैतिक दल चंदों के नाम पर पूंजीपतियों से आर्थिक सहयोग लिया करते हैं और चुनावों में पानी की तरह पैसा बहाने का काम किया करते हैं, सरकार बनने पर लगता है कि पार्टी की सरकार चल रही है, लेकिन मेरी राय में पार्टी की नहीं, जो व्यापारी सहारा देता है, उसके इशारे पर सरकार चलती है। जो आर्थिक नीतियां बनाई जाती हैं, इन बड़े-बड़े व्यापारियों ...(व्यवधान)...

श्री तारिक अनवर (महाराष्ट्र): क्या आप यू.पी. की बात कर रहे हैं?

श्री गांधी आज़ाद: मैं आपकी बात कर रहा हूं । बड़े-बड़े व्यापारियों और बड़े-बड़े उद्योगपतियों को फायदा देने के लिए आर्थिक नीतियां और योजनाएं बनाई जाती हैं, इसीलिए महंगाई पर कंट्रोल नहीं हो रहा है और आज़ादी के बाद अमीर-गरीब की खाई भी बढ़ती जा रही है। इसलिए मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आज महंगाई पर कंट्रोल करने की जरूरत है और साथ ही साथ मैं सरकार को सचेत भी करना चाहता हूं कि महंगाई की बढ़ती रफ्तार रोक न पाए यह सरकार। मैं इस सरकार को इसलिए भी सचेत करना चाहता हूं कि प्याज की महंगाई पर हमारे ये साथी लोग जो उधर बैठे थे, इधर चले आए। जब सभी चीजों की महंगाई हो रही है, तो ऐसे में क्या स्थिति होगी, आप कहां बैठना चाहते हैं, मैं समझ नहीं पा रहा हूं। इसलिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि महंगाई पर नियंत्रण किया जाए और रोटी, कपड़ा और मकान मुहैया कराना सरकार का नैतिक कर्तव्य है। सरकार जनकल्याण के लिए होती है, जनहित के लिए होती है, लाभ-हानि के लिए नहीं होती है, यही मेरा सुझाव है। इसको मानते हुए, इस आशा से अगर आप इस महंगाई पर कंट्रोल करने का कोई कारगर उपाय निकालें, तो उचित होगा। धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Thank you Mr. Gandhi Azad. You stuck to the time. Next is, Shri Tariq Anwar.

श्री तारिक अनवर: उपसभाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले तो मैं इस महत्वपूर्ण बहस का स्वागत करता हूं। आज की इस बहस में कई अच्छे सुझाव भी आए हैं, मैं उनका भी स्वागत करता हूं। यह बात बिल्कुल सही है कि जो महंगाई की मार है, इससे सभी लोग प्रभावित हैं। हमारे देश में कुछ ही ऐसे भाग्यशाली लोग हैं, जिनके ऊपर इस महंगाई का असर नहीं हो सकता है। जो हमारी जनसंख्या है, उसकी एक बहुत बड़ी आबादी गरीबी रेखा से नीचे है और कुछ ऐसे भी लोग हैं, जो डेलीवेज पर काम करते हैं। जो उनकी डेली की आमदनी होती है, उसी से उनकी रोजी-रोटी चलती है और उनके बच्चों का पालन-पोषण होता है। ऐसे लोगों का अपना मंथली बजट संतुलित करना बहुत ही मुश्किल हो गया है। इस संकट से कैसे निकला जाए, इसके लिए केन्द्र सरकार प्रयास कर रही है।

महोदय, यह संकट कोई पहली बार नहीं आया है। इस देश में पहले भी इस तरह का inflation हुआ है, इस तरह महंगाई की दर बढ़ी है। सन् 1977 और 1980 के बीच में 15 प्रतिशत inflation हुआ था, 1989 और

1991 में 13 प्रतिशत हुआ था, 2004 में 7 प्रतिशत हुआ था और अभी हमारी inflation की दर 7 प्रतिशत से ऊपर चली गई है। यकीनन यह चिंता का विषय है और इस पर गंभीर रूप से सोचने की जरूरत है कि किस तरह से हम इस बढ़ती हुई महंगाई पर अंकुश लगा सकते हैं। यह बात सही है और हमने कहा है कि विश्वव्यापी महंगाई बढ़ रही है। यह सच्चाई भी है कि आज हर चीज की कीमत विश्व में बढ़ रही है, खाने-पीने की चीजों से लेकर अन्य दूसरी चीजों तक की कीमत बढ़ रही है। यहां crude oil की बात भी कही गई कि crude oil की कीमत आज आसमान छू रही है। इस inflation से हमारा देश ही प्रभावित नहीं है, बल्कि चीन जैसा देश भी, जिसको हम मानते हैं कि उसकी GDP हमसे कहीं ज्यादा है, लेकिन आज वह भी inflation का शिकार है। आज वहां भी काफी बड़ी तादाद में लोग महंगाई से परेशान हैं।

महोदय, इस महंगाई को रोकने के लिए हम इस पर दो प्रकार से अंकुश लगा सकते हैं-एक तो short-term है और दूसरी long-term planning हो सकती है। शॉर्ट टर्म के लिए सरकार ने कुछ कार्रवाई की है। जैसे गेहूं, चावल के निर्यात पर रोक लगाई है। आयात पर एक्साइज डयूटी खत्म की है। और भी बहुत सारी ऐसी कार्रवाइयां होर्डिंग और काला बाजारी के खिलाफ की गई हैं। केंद्र सरकार की ओर से राज्य सरकारों को भी बराबर यह निर्देश दिया जा रहा है कि वे सख्त से सख्त कार्रवाई करें। जहां तक लॉंग टर्म प्लानिंग का सवाल है, वह किसान, जो अनाज पैदा करता है, जब तक उसे वह कीमत नहीं मिलेगी, जो उसके लिए आकर्षक हो, तब तक यह संभव नहीं है। किसानों को उनकी सही कीमत मिले, इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। यदि उन्हें सही कीमत नहीं मिलेगी तो वे यकीनन कैश क्रॉप की तरफ जाएंगे। यह दुनिया के बहुत सारे देशों में हो रहा है, यहां तक कि अमरीका जैसे देश में भी हो रहा है। आज वहां का किसान कॉर्न से अनाकर्षित होकर बायो फूड की तरफ जा रहा है। इसलिए जरूरत इस बात की है कि हम किस तरह से किसानों को आकर्षित करें, उन्हें इसका प्रलोभन दिया जाए, मौका दिया जाए ताकि उनमें अनाज की दिलचस्पी बनी रहे ताकि आगे आने वाले समय में इस तरह के क्राइसेज़ फिर पैदा न हों। देश के जो एक्सपर्ट्स हैं, उनका यह मानना है कि हमारे देश में पचास प्रतिशत यील्ड बढ़ाने की संभावना है। हमारी नई टेक्नोलॉजी को यदि खेतों में इस्तेमाल करें तो पचास प्रतिशत तक अपनी यील्ड को बढ़ा सकते हैं। अगर हम चीन के मुकाबले में देखें तो हमारी पर हेक्टेयर यील्ड करीब-करीब आधी है। खेती के लिए जमीन दिन-प्रतिदिन कम होती जा रही है, क्योंकि हमारे यहां औद्योगिकरण हो रहा है, हम अरबेनाइज की तरफ जा रहे हैं। इसकी वजह से जमीन की कमी हो रही है, इसलिए जरूरत इस बात की है कि अपनी प्रॉडक्टिविटी को कैसे बढ़ाया जाए, उत्पादन और उसकी क्षमता को कैसे बढ़ाया जाए, इस बात पर ज्यादा ध्यान देने की आवश्यकता है। मान्यवर, हमारे साइंटिस्ट, जो हमारे देश में बहुत अच्छा काम कर रहे हैं, मैं समझता हूं कि अगर उनके सुझावों पर ध्यान दें तो जो अभी सुझाव दिया है कि अपनी प्रॉडक्टिविटी को कैसे बढ़ाया जाए, इसका लाभ उठा सकते हैं। पैदावार बढ़ाने के लिए, जैसा मैंने कहा कि किसानों को सही मुआवजा मिलना चाहिए, इसके साथ ही साथ समय पर कर्ज और अच्छे ब्रीड के बीज भी मुहैया कराए जाएं। हमारे देश में सिंचाई का अभी भी उच्चतम प्रबंध नहीं है। हमारा किसान अभी भी प्रकृति पर निर्भर करता है, बारिश का इंतजार करता है। अगर बारिश आती है तो वह खेती कर पाता है, नहीं तो उसके सामने बहुत सी दिक्कतें आती हैं। इन सभी बातों को ध्यान में रखते हुए मैं यह समझता हूं कि सरकार को दूरगामी कदम के साथ ही एक शॉर्ट टर्म कदम उठाने की भी जरूरत है। अभी जो संकट है, उस संकट से देश के लोगों, जनता, खास तौर पर गरीबों, आम आदमी को कैसे निकाला जाए, यह प्रश्न सामने है। जब हम आम आदमी की बात करते हैं तो उसमें वे तमाम लोग आते हैं जो आर्थिक रूप से बहुत ही कमजोर हैं। जिनको अभी तक हमने जो आर्थिक उन्नति की है, उसका लाभ नहीं मिल पाया है, वैसे लोगों को इस संकट से निकालने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि इसके लिए सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह जो होर्डिंग और पी॰डी॰एस॰ सिस्टम है, उसको भी और दुरुस्त करने की जरूरत है। इसमें राज्य सरकारों की बहुत बड़ी भूमिका है क्योंकि पी॰डी॰एस॰ सिस्टम राज्य सरकारों के अंतर्गत आता है। अभी सीताराम येचुरी जी ने कहा कि राज्य सरकारों को जो अनाज दिया जाता था (समय की घंटी), गरीबी रेखा से नीचे के लिए और दूसरे लोगों के लिए, उसमें केन्द्र सरकार ने कटौती की है। मैं समझता हूं कि सिर्फ कोटा बढ़ाने से इस समस्या का समाधान नहीं होगा, बल्कि पीडीएस सिस्टम को ठीक करना होगा और उसका लाभ, वह गल्ला, वह अनाज, जिसके लिए केन्द्र सरकार दे रही है, वह वहीं तक पहुंचे। उसको दुरुस्त करने की जरूरत है। मैं समझता हूं कि इस पर केन्द्र सरकार और राज्य सरकार के बीच में एक समन्वय आवश्यक है और इसमें केन्द्र सरकार पहल करेगी। मैं इन्हीं बातों के साथ उम्मीद

करता हूं कि आने वाले समय में केन्द्र सरकार कोई ऐसा ठोस कदम उठाएगी, जिससे हम इस संकट से बाहर आ सकेंगे। धन्यवाद।

SHRI C. RAMACHANDRAIAH (Andhra Pradesh): Sir, the situation of rising prices is quite alarming. But I don't think that it has been developed overnight. It was not developed overnight. Umpteen number of times this issue has been discussed in this august House cautioning the Government not to close eyes to the global economy. And, this nation has been totally misled by the Finance Minister of this country that the US-driven recession has the global impact, but will not have any impact on the economy of this country. But it has been proved differently. Subsequently, the Finance Minister has admitted it. Sir, the Government has totally closed its eyes to the stagnation in agricultural production, United States' impact on financial market and the US-driven recession at the global level. Virtually, the global shortage of foodgrains trend was not taken note of by the Government. A number of papers have been writing that the United States has changed its cropping pattern and 25 per cent of its maize production has been converted into bio-fuel and to that extent the production of wheat has gone down in the United States, and there was a shortage of production in rice-producing countries like Vietnam and Thailand. They have also imposed ban on exports, which has culminated into the total shortage at the global level. Unfortunately, the production in the country is not as per the pace of the growth of population and at the expected level. So, keeping in view all those things, the Government should have anticipated that there is going to be inflation. The Government cannot shirk its responsibility and it cannot search for scapegoat also and throw the blame on the State Governments. It has become a fashion, being a federal country, that the Central Government is blaming the States and the States are blaming the Centre. Ultimately, the victims are the people of the country. The role of the federal Government is quite clear. Till today, the Prime Minister of this country does not have time to interact with the Chief Ministers of the States to control this malady or situation.

SHRI SHANTARAM LAXMAN NAIK (Goa): Why are you saying that the Prime Minister does not have time? ...(*Interruptions*)...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Why has he not called them? ...(*Interruptions*)... We cannot refer to the Prime Minister even when the public is facing a lot of difficulties at the ground level. ...(*Interruptions*)... How long can it continue? Even a farmer could have controlled this economy on a more perfect line than the Prime Minister of this country, being a renowned economist. ...(*Interruptions*)... Why do you bother? Every time, he claims innocence of all the events. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Ramachandraiahji, please address the Chair. ...(*Interruptions*)...

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: I don't know why he is reacting. If you are loyal to him, show the loyalty to him, not to others. ...(*Interruptions*)...

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Mr. Ramachandraiah, please, address the Chair.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Now, the Government acted belatedly after things went out of control. The small measures, which have been initiated by the Government to impose ban on exports, or impose more customs duty, will not be sufficient. I do not say that they are not needed. They are needed. But, I do not think they are sufficient. The inflation has been

caused not by demand push. If the Government is contemplating to initiate monetary measures by increasing CRR to suck the liquidity, it is thoroughly mistaken. It is a grave mistake it is going to commit. It will affect the growth rate. It will affect the interest rates. Virtually, it will squeeze the growth of industry. So that is not the solution. Solution lies with 'make available commodities which are in shortage to the ordinary man'. You import, whether it is cereals or edible oils, even if they are expensive. You say that global inflation is there which you cannot control. It is true. But, we cannot say that to the people. It is the duty of any civilised Government to make available all the foodgrains and edible oils at affordable prices to the common man in the country, and I think, this is a civilised Government. It is true that at global level, picture is very alarming. Yesterday, the World Bank President has made a statement. He has stated that majority of the population of developing countries will suffer from hunger and malnutrition due to lack of affordable foodstuffs. He further said that it might lead to international economic crisis unless we contain prices. Unless inflation is contained, it may lead to social unrest which may culminate into wars. He has gone to the extent of saying that this may lead to wars. Sir, the Government of India is aware that Australia, which is one of the principal producers of wheat, has suffered drought continuously for two years. The U.S. has converted maize into bio fuels. We should have anticipated it as there are prudent economists in this country. Everybody has mentioned about three eminent persons who have been monitoring the economy of this country-Dr. Manmohan Singh, Mr. Ahluwalia and Mr. Chidambaram. In spite of that, what is happening is that people are facing misery at the ground level. At this stage, I think I am not crossing my limits if I pay tributes to the NDA Government that inflation never exceeded 5 per cent during those 4-5 years and how do you justify it? This wholesale price index is not a true indicator of the prices prevailing at ground level. Consumer price index is different. Even today, the Government of India could not build up an effective tool of assess inflation in the country over a period of time. Sir, I was to restrain myself from blaming the Government, but I am constrained. It is the total mismanagement of the economy of this country. What have they done within a span of four years? You are in power. What exactly have you done to increase the productivity of the farming community? How many lakhs of acres have been brought under *ayacut*? Why has the capital formation in agriculture not gone up? And, you have been enjoying the buoyancy of the revenues. You have been enjoying the growth rate of 9.6 per cent. There are more than expected revenues to the exchequer of the country. Then, why are you not able to create capital assets which have a long effect on the economy of this country? That was the reason for foodgrains production not going up to the expected level, up to the requirements of the population, up to the nutrition requirements. Today, Sir, it has become a fashion for us to talk about agrarian distress every time. But, not even a single measure or constructive step has been taken to ameliorate the condition of farming community. We are not making the farmers live with comfort and dignity in the country. There is no incentive for them to continue to be farmers. They produce food for us and they are being penalised. Sir, there was the Oilseeds Mission in 1980, and later on, the Pulses Mission was also there. Sir, they decided to increase the productivity of oil seeds and the pulses. Subsequently, these two schemes have been shelved because of the thinking that we are accumulating more foreign exchange reserves, we can import. But, at what cost, Sir? Till today, we are more concentrating on the pulses, still, we continue to depend on Myanmar and other countries for importing pulses. Why has the Government not initiated measures to improve the production of pulses in this country?

Sir, at the time of closing of the first half of this present Session, we were rather depressed with the loan-waiver that has been announced. They are very happy as if the entire farming

community is with them, and, if the nation is going to polls, we are going to lose the elections. Now, let them announce the elections and face the people. Do you know the pulse of the public today? Whatever the scene you have created, whatever the hype you have created with the announcement of the Sixth Pay Commission and the loan-waiver of Rs. 60,000 crore, the negative fallout of the incease in prices has nullified it all. *(Time-bell)*

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please conclude.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, I have some suggestions to make. Sir, some short term measures have to be taken. They will never take long-term measures. Sir, there is no alternative because this inflation has been caused by the shortages. So, the Government has to address this problem and try to import. I heard one of my colleagues saying that there was no non-availability. Availability is there but at an increased cost. You pay more because the Finance Minister has said that there is more headway of revenue deficit, he can borrow and he can increase the revenue deficit. On the floor of the House, he said so. So, even though it is expensive, import, and, distribute it through the Public Distribution System, not through the private operators. If you import through private operators, they enjoy customs relief and they will hoard it. So, only if you distribute it through Public Distribution System, the common man will get the benefit. This is one measure that I wanted to suggest.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J.KURIEN): Please conclude.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: You have to take a decision immediately. Yesterday, there was a meeting. There was no cohesion among the Cabinet.

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Please give your suggestion and conclude.

SHRI C. RAMACHANDRAIAH: Sir, there is no cohesion with the same party. The Finance Minister is differing with the Commerce Minister on the levies. Don't try to hesitate. Create harmony among your own Cabinet colleagues, come to a conclusion, and, formulate and announce schemes that are needed for the people.

So, as we cannot discuss now the long-term measures, my request to the Government is to immediately strengthen the Public Distribution System and make essential commodities available to the common man, through the effective Public Distribution System. Thank you

श्री कृष्ण लाल बाल्मीकि (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष महोदय, आज का विषय है-महंगाई के लिए जिम्मेदार कौन है? बीमारी साफ है, इलाज का पता है, लेकिन सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। यूपीए सरकार के गठन के बाद कीमतों में लगातार तेजी बनी हुई है, लेकिन पिछले कुछ हफ्तों से तो महंगाई ने नए रिकॉर्ड बना डाले हैं। होलसेल प्राइस इंडेक्स के हिसाब से महंगाई की दर 6 प्रतिशत से ज्यादा हो गई है, जल्द ही यह 7 परसेंट का आंकड़ा पार कर लेगी और अगर सरकार का रवैया यही रहा, तो यह दहाई अंकों में भी पहुंच सकती है।

कीमतों में हो रही बढ़ोतरी उत्पादन या पैदावार में आई गिरावट या कमी का नतीजा नहीं है। सच तो यह है कि पिछले तीन वर्षों से मानसून आमतौर पर ठीक-ठाक रहा है। महंगाई की असली वजह सरकार का गलत फूड मैनेजमेंट है तथा अब तो लगता है कि इस मैनेजमेंट का मकसद ही कीमतें बढ़ाना है। सरकार कीमतें कम करने के लिए कुछ नहीं कर रही, सिर्फ रिजर्व बैंक से कह रही है कि वह अपनी मौद्रिक नीति सख्त करे, ताकि बाजार में पैसे का फैलाव कमजोर पड़े। रिजर्व बैंक बार-बार मौद्रिक नीति को कोस रहा है, लेकिन कीमतें घटने के बजाय बढ़ती जा रही हैं। रिजर्व बैंक का तरीका इसलिए कारगर नहीं हो पा रहा है कि जिन चीजों की कीमतें बढ़ रही हैं, वे बैंकों से कर्ज लेकर नहीं खरीदी जातीं। वे रोजमर्रा के इस्तेमाल की चीजें हैं, जिनकी खरीद वे लोग भी करते हैं, जिन्होंने कभी बैंकों में कदम नहीं रखे।

5.00 P.M.

महोदय, सत्ता में आने के बाद यूपीए सरकार ने फुड सिक्युरिटी का बंटाधार कर दिया, एफसीआई को कमजोर कर दिया, किसानों से सीधे अनाज खरीदने का जिम्मा देशी और विदेशी प्राइवेट कंपनियों के सुपुर्द कर दिया। इसके चलते एफसीआई का स्टॉक प्रभावित हुआ और पिछले साल हमें आस्ट्रेलिया से अनाज इम्पोर्ट करना पड़ा। आज हमें एक अजीब विडंबना का सामना करना पड़ रहा है। एक तरफ कोई कंपनी हमारे किसानों से कम कीमत पर अनाज खरीद कर उसका भंडारण करती है, दूसरी तरफ हम बहुत ज्यादा कीमत पर आस्ट्रेलिया से अनाज इम्पोर्ट करते हैं। यह किस तरह का आर्थिक सुधार है? जब हम मांग करते हैं कि हमारे किसानों को दिए जाने वाले मिनिमम सपोर्ट प्राइस को थोड़ा बढ़ा दो, तो उसकी अनसुनी कर दी जाती है, लेकिन कीमतें घटाने का संकल्प जताते हुए सरकार ज्यादा कीमत पर अनाज इम्पोर्ट करती है। हमें कहा जाता है कि किसानों को सब्सिडी देने के लिए पैसा नहीं है, लेकिन आस्ट्रेलिया से ज्यादा कीमत पर अनाज खरीदने के लिए कहां से पैसा आ जाता है? जाहिर है कि सरकार का फूड मैनेजमेंट गलत है, जिसके चलते किसान आत्महत्या कर रहे हैं और हमें बढ़ती कीमतों की मार झेलनी पड़ रही है। हमारे पीडीएस का बुरा हाल है। इसे फिर से दुरुस्त करने की जरूरत है, लेकिन सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है। खाद्यान्न की खरीद को लेकर उसका जो रवैया दिखाई पड़ रहा है और एफसीआई को लेकर उसकी जो उदासीनता है, उससे साफ लगता है कि वह पीडीएस को ही खत्म कर देना चाहती है।

महोदय, जरूरी चीजों के वायदा बाजार का अस्तित्व में आ जाना आज की महंगाई की एक बहुत बड़ी वजह है। एक आंकलन के मुताबिक इस कारोबार में 20 लाख करोड़ रुपए लगे हुए हैं। इतनी बड़ी रकम लगाने वाले वायदा कारोबारी, जिंसों की कीमतें कम क्यों होने देंगे? वे अपनी धन शक्ति का इस्तेमाल कर कीमतें बढ़ा रहे हैं। प्राइवेट कंपनियों को अनाज खरीदने की इजाजत देकर सरकार ने जमाखोरियों का इंतजाम कर ही रखा है और वायदा कारोबार मुनाफाखोरी को पक्का करने के लिए वजूद में आ गया है। सरकार से कई बार मांग की कि कॉमोडिटी एक्सचेंज बंद कर दिया जाए और वायदा कारोबार को गैरकानूनी घोषित कर दिया जाए, लेकिन सरकार सट्टेबाजों को खुला खेल खेलने देने पर आमादा है। आखिर सरकार ऐसा क्यों कर रही है? यह महंगाई पर घड़ियाली आंसू बहा रहा है और महंगाई खत्म करने के लिए एक भी जरूरी कदम नहीं उठा रही है। वायदा कारोबार और कॉमोडिटी एक्सचेंज को एक झटके में बंद किया जा सकता है। इसका असर फौरन बाजार पर दिखाई पड़ेगा। एफसीआई को मजबूत बनाने और अनाज की सरकारी खरीद बढ़ाने के कदम उठाने से जमाखोर कीमतें कम होने के डर से अपना माल बाजार में उतारेंगे। इससे भी बाजार पर अच्छा असर पड़ेगा। पीडीएस को दुरुस्त करने की कवायद आने वाले दिनों में हमारे देश के जरूरतमंद लोगों का भला करेगी।

बीमारी साफ दिख रही है, लेकिन सरकार उसका इलाज नहीं कर रही। इससे शक पैदा होता है कि कहीं सरकार में बैठे कुछ लोगों का इसमें निहित स्वार्थ तो नहीं है। फाइनेन्स मिनिस्टर रिजर्व बैंक से गुहार लगाते रहे हैं, लेकिन जिन मंत्रालयों पर महंगाई रोकने का जिम्मा है, उनसे कुछ करवाने में अगर पी॰ चिदम्बरम साहब कामयाब हो जाएं, तो बात बने। महंगाई रोकने या बढ़ाने में कृषि, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मंत्रालयों का अहम रोल होता है। एफसीआई, सपोर्ट प्राइस, किसानों से अनाज खरीद, पीडीएस और कॉमोडिटी एक्सचेंज इन्हीं मंत्रालयों के जिम्मे है। आज इतने सारे मंत्रालयों का मुखिया एक ही व्यक्ति है। जब देश के लोग देश की महंगाई से त्राहि-त्राहि कर रहे हैं, तब वे क्रिकेट की राजनीति करने में व्यस्त हैं। यह एक ऐसी विडंबना है, जो हमारे देश की एक बड़ी हकीकत बनी हुई है। जाहिर है, कीमतें बढ़ने के लिए वे ही जिम्मेदार हैं, जिनके जिम्मे कीमतें कम करने का काम सौंपा गया है।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आपका धन्यवाद, जो आपने मुझे बोलने का मौका दिया।

डॉ॰ प्रभा ठाकुर (राजस्थान): उपसभाध्यक्ष जी, सदन में आज देश में महंगाई की जो ज्वलंत समस्या है और इसके कारण जिस दौर से आज पूरा देश गुजर रहा है, आम आदमी परेशान है, उस पर चर्चा हो रही है। सरकार इस विषय पर बहुत गंभीर है और पूरा सदन इस पर चिंता व्यक्त कर रहा है। हमारे कई सम्मानित साथियों ने इस विषय पर अपनी-अपनी बात कही है, लेकिन मैं यह कहना चाहूंगी कि इस बढ़ती हुई महंगाई पर हो रही चर्चा में मुख्य मुद्दा जो होना चाहिए था, वह यह होना चाहिए था कि हम यह देखते कि इस महंगाई के कारण क्या हैं

और इस महंगाई को रोकने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा और राज्य सरकारों द्वारा क्या कारगर उपाय किए जाने चाहिए और इसमें राज्य सरकारों और केन्द्र सरकार की क्या भूमिका होनी चाहिए, लेकिन इस पर बहुत कम विचार सामने आए।

महोदय, मुझे तब बड़ा आश्चर्य और अफसोस हुआ जब बड़े-बड़े राजनीतिक दलों के बड़े-बड़े नेताओं ने मुद्दे की बात न करके इस विषय पर ज्यादातर सरकार पर आरोप-प्रत्यारोप लगाए, आलोचना और राजनीति ही की।

महोदय, यह सही है कि यह समस्या जैसे भारत में है, वैसे पूरे विश्व में भी यह समस्या है और पूरे विश्व में गत एक वर्ष में कमरतोड़ महंगाई बढ़ी है और उसके असर से हम भी अछूते नहीं है। हमारे देश में इस महंगाई की मार ज्यादातर गृहणियों पर ही अधिक पड़ रही है। अच्छा होता यदि हम मिलकर इसका कोई उपाय सोचते, क्योंकि हम जब कभी भी राष्ट्रीय हित और राष्ट्रीय हित से जुड़े मुद्दों पर इस सदन में चर्चा करते हैं तो मैंने देखा है कि कलेक्टिव रिस्पांसिब्लिटी की, सामूहिक जिम्मेदारी की बात होती है और यह भी उसी तरह का मुद्दा है, जिस पर सभी दलों को वैसा ही रुख दिखाना चाहिए था।

महोदय, सभी इस बात को जानते हैं कि आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चा तेल 113 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। जब पेट्रोलियम पदार्थ या तेल की कीमतें इतनी ऊंची हो जाती हैं तो जरूरी चीजों का ट्रांसपोर्टेशन महंगा हो जाता है और उस कारण से महंगाई बढ़ती है। तो इस बात की जानकारी भी आम जनता को देना, इस बात से अवगत कराना हमारा फर्ज़ है कि आखिर जो यह इतनी महंगाई बढ़ी है, इसके कारण क्या हैं।

हमारे कई बड़े-बड़े सम्माननीय नेताओं ने इस चर्चा में बोलते हुए अपने विचार रखे। अभी हमारे बी॰जे॰पी॰ के एक नेता इस सदन में कह रहे थे कि किसानों के 60,000 करोड़ रुपए के कर्ज़, जो केन्द्र सरकार ने माफ किए हैं, यह महंगाई उसका परिणाम है, उसका नतीजा है, तो यह जो किसान विरोधी नज़रिया उन्होंने बताया, यह शायद उनका नज़रिया होगा, पर मेरे विचार से अधिकांश सदस्य इससे इत्तेफाक नहीं रखते होंगे। इस सदन के हमारे एक बड़े ही वरिष्ठ सदस्य हैं, समाजवादी पार्टी के नेता हैं, वे बड़ा अच्छा बोलते हैं, मैं उनका बड़ा सम्मान करती हूं लेकिन आज उन्होंने बोलते हुए बड़ी अजीब बात कही। उन्होंने महंगाई का कारण यह बताया कि जहां कांग्रेसी सरकारें हैं, दिल्ली और महाराष्ट्र में, वहां कालाबाजारियों और जमाखोरों पर सरकारों के प्रयास से छापे मारे गए। उन सरकारों की सराहना करने की बजाए उन्होंने यह कहा कि इन्होंने महाराष्ट्र और दिल्ली में जो छापे मारे, यह कांग्रेस की एक मिलीभगत की राजनीति है और प्रधान मंत्री जी, कृषि मंत्री जी और वित्त मंत्री जी के सौजन्य से ऐसा हुआ है। महोदय, मैं जानना चाहती हूं कि जो कालाबाजारी कर रहे हैं, जो जमाखोर हैं, जिनके यहां से हजारों-लाखों मीट्रिक टन अनाज और दालें बरामद हुई हैं, नागपुर और महाराष्ट्र के अन्य स्थानों से और दिल्ली में भी कांग्रेस की मुख्य मंत्री, श्रीमती शीला दीक्षित के प्रयासों से अगर कई जगह छापे मारकर हजारों क्विंटल की मात्रा में अनाज और दालें अगर पकड़ी गई हैं, तो उसकी सराहना करनी चाहिए या उसकी भी आलोचना करनी चाहिए?

श्री बनवारी लाल कंछल (उत्तर प्रदेश): उनका यह कहना था कि पूरे देश में ऐसे छापे पड़ने चाहिए, केवल दो प्रदेशों में नहीं।

डॉ॰ प्रभा ठाकुर (राजस्थान): मैं भी यही कह रही हूं। आप बिल्कुल ठीक कह रहे हैं, मैं भी यही कह रही हूं कि सभी सरकारों का यह कलेक्टिव जिम्मा होना चाहिए केन्द्र सरकार के साथ कि वे भी, केवल मात्र एक ज़बानी संवेदना प्रकट करने की बजाए, अपने-अपने राज्यों में यह कार्रवाई करें कि एक तो खाद्य पदार्थों पर जो टैक्स या शुल्क लगे हैं, उनको उन शुल्कों से मुक्त किया जाए...। अपने रेवेन्यू को छोड़ा जाए और आम आदमी को कैसे राशन की सामग्री सस्ती दरों पर उपलब्ध हो, इसकी कम से कम 50 फीसदी जिम्मेदारी राज्य सरकारें वहन करें। जिस प्रकार कांग्रेस की सरकारों ने यह शुरुआत की है, यह शुरुआत और जगह भी होनी चाहिए, दूसरे राज्यों में भी जो जमाखोरी और कालाबाज़ारी करने वाले लोग हैं, उनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

उपसभाध्यक्ष महोदय, एक गंभीर समस्या राजस्थान में मेरी जानकारी में आई है कि अगर किसी राशन की दुकान से एक व्यक्ति को 35 किलो चावल मिलता है, तो व्यापारी उससे कहता है कि 20 किलो चावल तुम फ्री ले जाओ, हम तुम्हें नि:शुल्क देते हैं और बाकी 15 किलो चावल को वह 10 रुपए या 12 रुपए किलो के हिसाब

से बेच रहा है। इस तरह से कालाबाजारी हो रही है। इस पर कौन नजर रखेगा? राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है कि वे इस राशन प्रणाली को नियंत्रित करें और इस पर नजर रखें।

महोदय, मुझे बड़ा आश्चर्य हुआ जब भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि जब कांग्रेस का राज़ आता है, तो महंगाई आती है। ये कैसी विचित्र बात कही है? एक तरफ तो शरद यादव जी जब बोल रहे थे, तो उन्होंने कहा कि उनकी NDA सरकार के जमाने में अनाज का इतना भंडार था कि उन्होंने उस भंडार को जनता के लिए खूब खोला। मैं पूछना चाहती हूं कि वह स्टॉक किसने जमा किया था? क्या NDA सरकार के समय में उस अनाज का भंडारण किया गया था? वह भंडारण श्री नरसिंह राव जी की कांग्रेस सरकार की देन थी, जब अनाज का इतना संग्रहण हुआ था, जिसका लाभ इन लोगों ने उठाया, लेकिन उतना ही अनाज वापस संग्रह करने की जिम्मेदारी नहीं निभाई, तब जाकर इस तरह की स्थिति बनी।

महोदय, माननीय शरद यादव जी ने खुद पिछले वर्ष बजट पर चर्चा के समय अपने भाषण में यह कहा था कि अधिकारियों के गुमराह करने पर उन्होंने खाद्यान्नों की forward trading शुरू की और बाद में UPA के कृषि मंत्री श्री शरद पवार जी को उन्होंने सलाह दी कि इसको बंद किया जाना चाहिए। मेरी समझ में यह नहीं आया कि वे स्वयं इतने वरिष्ठ नेता हैं, वे कृषि मंत्री भी रहे हैं, तो जब उन्हें यह लगा कि वरिष्ठ अधिकारी उन्हें गुमराह कर सकते हैं, तो उन्होंने स्वयं यह प्रणाली समाप्त करनी उचित क्यों नहीं समझी? (समय की घंटी) मैं जानता हूं कि समय की कमी है, लेकिन अभी काफी बातें हैं, जो मैं कहना चाहती हूं, क्योंकि आज ...(व्यवधान)...

श्रीमती विप्लव ठाकुर (हिमाचल प्रदेश): एक महिला बोल रही हैं, उनको बोलने दीजिए...(व्यवधान)...

डॉ. प्रभा ठाकुर: महोदय, ladies first का मुहावरा खाली एक मुहावरा बनकर रह गया है, only lip sympathy. मुझे यह कहना नहीं चाहिए, लेकिन जहां मेरा नाम था, ठीक है, जो भी व्यवस्था है, उसे धकेलते हुए पहले तो वहां से पिछले नंबर पर भेजा गया, अब मुझे बोलने का मौका मिला है, आप समझ लीजिए कि मैं इस देश की महिलाओं की ओर से बोल रही हूं। आज महिलाओं पर महंगाई का बहुत बड़ा बोझ है।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Madam, don't forget that you are the second speaker. There are a lot of other speakers.

श्रीमती विप्लव ठाकुर: 5 मिनट दे दीजिए।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): But the previous speaker has taken more time. What can I do?

डॉ. प्रभा ठाकुर: मुझ आप से प्रोटेक्शन चाहिए।

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): What can I do? The Chair can't do anything if the previous speaker has taken more time.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS AND THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING (SHRI V. NARAYANASAMY): Sir, who is the previous speaker?

THE VICE-CHAIRMAN (PROF. P.J. KURIEN): Not the Chair!

डॉ. प्रभा ठाकुर: सर, यह जो Essential Commodities Act था, जिसके माध्यम से हम जमाखोरों पर नियंत्रण रखते थे, इसे किसने समाप्त किया इसे NDA सरकार ने समाप्त किया, जमाखोरों को प्रोटेक्शन दिया, कालाबाज़ारियों को संरक्षण दिया, उस Act को खत्म किया और आज वे लोग यहां इस तरह की बातें करते हैं जैसे उन्हें जनता की बड़ी परवाह है। मैं यह स्पष्ट कहना चाहती हूं कि चूंकि विधान सभा और लोक सभा के चुनाव निकट हैं, उनको देखते हुए भी ऐसे लोगों को शायद शह मिली होगी और इसके कारण ऐसा हो रहा है, क्योंकि जो छापे मारे गए हैं, उनमें यह बात प्रमाणिक हुई है। मैं इस देश की आम जनता और महिलाओं की ओर से मांग करती हूं कि दूसरे राज्यों में भी जहां गैर-कांग्रेसी सरकारें हैं या कांग्रेसी सरकारें हैं, वहां भी इस तरह की कार्यवाही होनी चाहिए।

इसके अलावा जो आम जरूरत के खाद्यान्न हैं, उन पर से शुल्क हटा लिए जाने चाहिए, उनके टैक्सेज़ हटाने चाहिए, राज्य सरकारों को अपनी रेवेन्यू का मोह छोड़ना चाहिए। मध्य प्रदेश में किसान लोग कतार लगाकर 11-11 दिनों से खड़े हैं, उनका अनाज खरीदा नहीं जा रहा है, वहां पर किसानों का उत्पीड़न और शोषण हो रहा है, उनको कोई राहत नहीं मिल रही है। यह व्यवस्था हो रही है। मैं तो यह कहती हूं, राजस्थान से मैं आती हूं, वहां गली-गली और मोहल्लों में जितनी शराब की दुकानें खोल दी गई हैं, जिनसे महिलाएं बहुत पीड़ित हैं, कम से कम उससे जो रेवेन्यू मिल रहा है, उसी से राज्य सरकार वहां की आम जनता और बहनों को अगर सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध करा सके और यह जो राशन प्रणाली है, जिसमें भ्रष्टाचार घुस गया है, जिसमें काला बाजारी हावी हो गई है, उस पर वह नियंत्रण कर सके तो इस देश की महिलाओं को, हर प्रदेश की महिलाओं को बड़ी राहत मिलेगी। यहां जो कुछ चर्चा हुई है, उसे देखते हुए मैं अपनी अंतिम पंक्तियों में इतना ही कहना चाहूंगी, "सिर्फ हंगामा खड़ा करना, अपना मकसद न हो, अपनी कोशिश हो कि यह सूरत बदलनी चाहिए।" खाली जबानी sympathy से नहीं होगा। यह globalisation, privatisation शब्द बड़े मनमोहक लगते हैं, मांग भी है और शायद वक्त की जरूरत भी होगी, लेकिन मैं सरकार से कहना चाहती हूं, वित्त मंत्री जी आप इसके लिए बड़े गंभीर भी हैं, आपने कहा भी है कि महीने भर में नियंत्रण पाया जाएगा मंहगाई पर, और आपने उपाय भी किए हैं। आज इस सरकार की देन है कि किसानों के इतने हजार रुपए की कर्ज माफी की है और ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के तहत गांवों के लोगों को रोजगार देने जैसे बड़े-बड़े काम किए हैं। ऐसा आम बजट दिया है, जिसमें आम आदमी को बड़ी रियायतें और सुविधाएं दी हैं, लेकिन इन शब्दों के, privatisation के कभी कुछ प्रतिकूल परिणाम भी हो सकते हैं, उन पर भी आप नजर रखें, क्योंकि विश्व के और देशों की परिस्थिति जैसी परिस्थिति भारत की नहीं है। हमारी अपनी परिस्थितियां हैं, उसे देखते हुए हमारे यहां कई जगह अभी basic infrastructure नहीं है, उसे देखते हुए, इस पर भी अंकुश और प्रतिबंध रखना जरूरी है, ताकि सिर्फ प्राईवेट कंपनियां हर चीज का बाजार, चाहे वह खाद्यान्न संबंधी कृषि बाजार हो, चाहे वह शेयर बाजार हो, चाहे वह आम आदमी की जरूरत की चीजों का बाजार हो, उस पर प्राईवेट कंपनियां कहीं अपना नियंत्रण करके हावी न हो जाएं और आम आदमी मंहगाई से और अधिक त्रस्त न हो जाए, इसके बारे कठोर कानून बनाते हुए कड़े उपाय करने चाहिएं और इसमें केन्द्र सरकार के साथ राज्य सरकारों को भी अपनी पूरी भूमिका निभानी चाहिए। धन्यवाद।

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, rising prices of essential commodities have invited concerns for the Government, and an emergency meeting of the Cabinet Committee on Prices, convened on March 31, has come out with some measures to dampen the prices. The hon. Finance Minister has also told very clearly, while replying to almost all the queries raised here by the Members belonging to the political parties, that the Government is determined to take all steps, fiscal and monetary, and also on the supply side, to moderate inflation, and if that means that we have to live with a slightly lesser growth, so be it. So, the hon. Finance Minister has made it very clear. Sir, before proposing a response to this situation, the Government has got some responsibility to analyse the situation. And this Parliament, with all its responsibility, is discussing it, at length, to arrive at a consensus. The inflation rose sharply even last year, but that was tackled by increasing the interest rates. That situation was entirely different from the situation which we are facing today. 'Reducing inflation by reducing growth' further cannot be the strategy has been established by our Finance Minister. Sir, we must take into account the just attributed factor, here, that inflation is a global phenomenon. But this realisation itself is not the solution. But we should have to think even further. It has come as a surprise that even after the Budget, this Government has not levied any further duty or tax on essential commodities, but, still, there is a further rise in their prices. When we go into the reasons, it is clear that there are two main reasons, which many Members have also observed over here. One is hoarding. Another is the responsibility of the State Governments. The Union Government, on its part, has taken some measures and the results are awaited. On my part-I belong to a regional party, the DMK, but a very responsible party, which is ruling the State of Tamil Nadu under the Chief Ministership of our leader,

Dr. Kalaignar—I am proud to say that the motto of our Government is "prevention is better than cure". Many Members, especially, the left Members, here suggested some remedial measures to control the rise in prices and inflation; and the foremost suggestion was universalisation of the PDS system. I am proud to say here that Tamil Nadu is the only State in India which has implemented universalisation of the PDS. Prior to the Union Government's waiver of farmers' loans in this year's Budget, the Tamil Nadu Government had, in 2006, waived the farmers' loans to the tune of Rs. 7,000 crores. Recently, when the State was flood stricken, a waiver to the tune of Rs. 177 crores was given to the farmers and a compensation of Rs. 7,500 per hectare was given to the farmers before any other help came. As a result of the steps we have taken, the situation is not alarming in our State. For example, during the poll we gave a promise that rice would be distributed through the PDS at Rs. 2 per kilogram and we are still maintaining it. This is the first of its kind in the whole country. In stead of appreciating it, when criticism was levelled against the Government about it implementation that rice alone was not sufficient, we started giving taur daal, black daal, Sooji, maida and edible oils at nominal prices through the PDS. So our Government is a forerunner in this country and we are already implementing many of the suggestions which were made here. When the cement prices soared high, the Government pressurised the cement industry and told them that either they should bring down the prices or all the cement industry would be nationalised. So, the industrialists came, they sat down and agreed to bring down the prices; and now cement is being supplied to the consumers at Rs. 200 in our State. We also give free power to the farmers and the weavers. These things are temporary. Though inflation is global and it has affected many countries and India is also a country which comes under the same category—we are confident of coming out of it because of the measures that we are taking.

I would like to get a clarification from the hon. Finance Minister. The appreciation of the rupee, some people say, will reduce the cost of imported goods, or import parity priced goods. That is the prices of the goods which are determined by the world prices, and that will help us to get goods, which are imported, at a lesser cost. At the same time, there is also a different view. I would like to have a clarification from the Finance Minister on the stand of the Government and which would be better for the future.

The buffer stock system should be maintained well. In China, the situation is well maintained because their stock now is 315 million tonnes. Comparitively to that, in India, it is only 120 million tonnes. The supply from the Union Government, it is believed, to the State Governments for the BPL people is maintained without any cut and whatever is their off-taking, it is being maintained by the Union Government. In these circumstances, this is not a situation to be faced by one political party or one Government. It is a national issue. It is grave concern which every Member has expressed here. I am very hopeful that the measures taken by this Government would settle this issue in a very short time and we are optimistic that India will come out of this crisis also, and our State Tamil Nadu, which is taking more care, especially, of the poorest of the poor, stands as a model to other States in the country. Thank you.

DR. BARUN MUKHERJEE (West Bengal): Sir, it is now widely accepted that price rise is one of the gravest problems that the country is facing. But I wonder as to how far the Government is aware of the gravity of the problem While presenting the Budget, the hon Finance Minister expressed his hope that very soon the Budget will have its effect and it will not only contain prices but also control inflation. But, unfortunately, after one and a half months of the presentation of his Budget, the situation has completely changed the other

way and the inflation is almost going to be doubled. It appears that the policy adopted by the hon. Finance Minister, till now, has not proved to be very effective, so far as price rise is concerned. It is a matter which affects the people directly. People are not so much concerned about how many bridges or flyovers have been constructed; but they want two square meals a day. Many of the people go without food in the night. We are facing a very grave situation. We heard Pt. Jawaharlal Nehru long time back, when he publicly announced that he would hang black-marketers and profiteers in public. But nothing had happened at that time. In the present regime, we don't find any such announcement from the Government side. Definitely, the black-marketers and hoarders are playing a very big role in the spiralling prices of essential commodities. The Government has not taken any effective measures to control the situation. It is absolutely necessary to taken stern measures against the hoarders and black-marketers. They are also responsible for the rise in prices. This constant rise in prices is taking place because of them. Another very important factor which is also responsible for the rise in prices is the dismal performance at the agriculture front. The Government has pushed the country to such a stage that we are now depending on import of foodgrains and foodgrains are being imported at very high prices. The agriculture growth has declined and it has gone below 2 per cent. It is very, very serious. Definitely, failure of agriculture is also one of the reasons for the rise in prices of essential commodities. As many of the earlier speakers have suggested, it is high time the Government took effective measures to strengthen the PDS and more and more essential commodities were supplied through PDS. If you claim that you are for the *aam admi,* then it is essential for the Government to give subsidised food to the common people, to the hungry millions. It is unfortunate that no stern action is being taken against the people who are responsible for the rise in prices of essential commodities. For instance, it has already been discussed that forward trading is also having a major effect on the prices.

So, in spite of repeated demands by the Left parties and other parties for banning of forward trading, still the Government does not come out with an outright banning of forward trading. The outcome of this kind of capitalist economy is that on the one hand, the Sensex goes up and there is a steady flow of foreign capital, that is, FII, and the Government is very happy to declare that there is a high rate of growth of GDP, but, unfortunately, it has a very little effect on the fate of the common people, the poor people. So whatever be the high GDP growth rate,—the Government also claims that very soon they can reach a double-digit figure—unfortunately, it is absolutely not having any effect on the poor people, the common people, of the country. So, unless, the total attitude towards the whole problem is not changes, it is apprehended that this price situation will go beyond the control of the Government, and that will be a disastrous situation. So, we hope that all the measures that have been suggested here—this had been widely discussed even earlier in the House—would be taken in all seriousness. So, controlling the price rise must be the priority item of the Government if they are to move along with the *aam aadmi.* I again hope that the Government will come forward to take effective measures against the hoarders, ban future trading and go in for expansion of the PDS. If these things are not done, then, the problem of price rise will go beyond the control of the Government.

श्री प्रकाश केशव आवड़ेकर (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, हम यहां महंगाई पर चर्चा कर रहे हैं। जनता परेशान है, महंगाई आसमान को छू रही है। जो परिवार एक दिन में दो बार सब्जी खाते थे अब उनको दो दिन में एक बार भी नसीब नहीं हो रही है। महंगाई का मतलब है आम आदमी का सही वेतन कम होना, जिससे उसकी जिंदगी पर कुप्रभाव पड़ता है। On a more serious note, inflation in our country is a process of

transfer of assets from poor class to rich class. And, this is a confirmed study. लोग तो ऐसे बेहाल हैं, ऐसे में लोगों की अपेक्षा रहती है कि सरकार संवेदनशील हो। पहले कहते थे कि जब प्रजा के पांव में अगर कांटा भी चुभ जाता था तो राजा की आंख में आंसू आते थे। लेकिन यह संवेदनशील सरकार नहीं है। जब जनता महंगाई से बेहाल है, तब यू॰पी॰ए॰ का विवाद और चर्चा चल रही है कि प्रधान मंत्री का अगला कैंडीडेट कौन होगा। जनता के सवाल पर इनको कोई सम्वेदना नहीं है। यह विडम्बना है.... (व्यवधान)

श्री शांताराम लक्ष्मण नायक: आपने तो कैंडीडेट डिक्लेयर कर दिया है।

